● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 212, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 14 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





कांग्रेस नेता हरीश रावत ने भाजपा पर कसा तंज 5

रोहित के साथ जीवन भर बैटिंग करना चाहेंगे: युवराज 6

## अरविंद केजरीवाल को 'सुप्रीम' राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में जमानत दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दो याचिकाओं पर फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आबकारी नीति भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल को नियमित जमानत देने का फैसला सुनाया। इस संबंध में न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने उनके फैसले पर सहमति जताई। कोर्ट ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। सीबीआई की गिरफ्तारी से जुड़ी याचिका पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी अवैध नहीं थी। ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी। ऐसे में अब उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने 103 दिन पहले यानी 2 जून को अंतरिम जमानत की मियाद पूरी होने के बाद सरेंडर किया था। माना जा रहा है कि वे आज ही जेल से बाहर आ सकते हैं।

दरअसल, केजरीवाल ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में अपनी गिरफ्तारी और जमानत से दिल्ली हाईकोर्ट के इनकार को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। पीठ ने पांच सितंबर को केजरीवाल की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख को 26 जून को गिरफ्तार किया था।



जस्टिस कांत ने कहा कि तर्कों के आधार पर हमने 3 प्रश्न तैयार किए हैं। क्या गिरफ्तारी अवैधता थी? क्या अपीलकर्ता को नियमित जमानत दी जानी चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल करना परिस्थितियों में इतना बदलाव है कि उसे ट्रायल कोर्ट में भेजा जा सके? उन्होंने आगे कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को गिरफ्तार करना कोई गलत बात नहीं है। हमने पाया है कि सीबीआई ने अपने आवेदन में उन कारणों को बताया है कि उन्हें क्यों ये जरूरी लगा। धारा 41ए का कोई उल्लंघन नहीं है।

हमें इस तर्क में कोई दम नहीं लगता कि सीबीआई ने धारा 41ए सीआरपीसी का अनुपालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि जमानत पर हमने विचार किया है। मुद्दा स्वतंत्रता का है।

### तिहाड़ के बाहर भावुक हुए केजरीवाल, बोले-जेल की सलाखें मुझे कमजोर नहीं कर पाईं

दिल्ली आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। अरविंद केजरीवाल तिहाड़ से रिहा हो गए हैं। जेल का बाहर आप नेता जश्न मना रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर पहुंचे। उनके परिवार के सदस्यों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और सांसद संजय सिंह से मुलाकात की। रोड शो को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, आज हमारा देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। केजरीवाल तो बहुत छोटी चीज हैं। केजरीवाल महत्वपूर्ण नहीं हैं, देश महत्वपूर्ण है।

## महेश्वर में होगी मंत्रि-परिषद की बैठक : डॉ. यादव

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के सम्मान में होगा आयोजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म शताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान के प्रकटीकरण के लिए मंत्रि-परिषद की बैठक महेश्वर में आयोजित की जाएगी। देवी अहिल्या की न्यायप्रियता, शासन-प्रशासन में नवाचार, लोक कल्याण सहित उनके सम्पूर्ण व्यक्तित्व व कृतित्व पर शोध केलिए देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर में शोध पीठ स्थापित की जाएगी। देवी अहिल्या से जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री के संकलन के लिए अभियान चलाया जाएगा। मध्यप्रदेश पुलिस की बटालियन का नाम भी देवी अहिल्याबाई पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बटालियनों के नाम महापुरूषों के नाम पर रखने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लोकमाता देवी अहिल्याबाई



होलकर के 300वें जन्मशताब्दी के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की सुशासन भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, परिवहन तथा स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में समिति के सदस्यगण ने आयोजन के संबंध में सुझाव रखे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर प्रसिद्ध तीर्थों और धार्मिक स्थानों में मंदिर, घाट, कुंए और बावड़ियों का निर्माण कराया तथा अन्न क्षेत्र का भी संचालन किया।

## इंदौर में सामूहिक बलात्कार मामले में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के पास धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की नेत्रियां और कांग्रेस नेता शामिल रहे। पटेल ने कहा कि इंदौर जिले के मऊ में सेना के दो अधिकारियों की महिला मित्रों के साथ हुये सामूहिक बलात्कार की घटना से प्रदेश एक बार फिर शर्मसार हुआ है। इंदौर में युवतियों के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना दिल दहलाने वाली और अमानवीय अपराध है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है।



अपराधियों में कानून का कोई खौफ नहीं बचा है। आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि वह दिल दहाड़े महिलाओं को अपना शिकार बनाने से भी नहीं चूक रहे हैं। पटेल ने कहा कि कानून व्यवस्था का आलम यह है कि अब तो देश की रक्षा करने वाले सैनिक की सुरक्षित नहीं हैं। इंदौर की घटना सहित अन्य घटनाओं ने यह साबित कर दिया है कि प्रशासन बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम है। मध्यप्रदेश कांग्रेस इंदौर सहित अन्य घटनाओं की कठोर निंदा करती है। पुलिस का खौफ पूरी तरह से खत्म हो गया है। सैन्य अधिकारियों के साथ इस तरह घटना होना अपने आप में बहुत ही शर्मनाक है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष पटेल ने प्रदर्शन के बाद इंदौर में सैनिक अधिकारियों के महिला मित्रों के साथ दुष्कर्म की घटना को संज्ञान में लेते हुये राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की।

## दिल्ली के पॉश इलाके में जिम मालिक की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सबसे पॉश इलाकों में एक ग्रेटर कैलाश इलाके में गुरुवार (12 सितंबर) रात एक जिम मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात करीब 10:45 बजे हुई। शूटर ने जिम मालिक को करीब 6-8 गोलियां मारीं। उसे मैक्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान 35 साल के नादिर शाह के रूप में हुई। वह सीआर पार्क का रहने वाला था और पार्टनरशिप पर जिम चलाता था। उसके खिलाफ डकैती समेत चार मामलों में केस दर्ज हैं।

## पोर्ट ब्लेयर का नाम अब श्री विजय पुरम होगा : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर विजयपुरम कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में पोर्ट ब्लेयर के नए नाम का एलान किया गया। अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी विजन के तहत देश को औपनिवेशिक पहचान से मुक्त करने के लिए हमने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया है। अब गुलामी का एक और निशान मिटा दिया गया है। उन्होंने लिखा कि पहले के नाम में औपनिवेशिक विरासत थी। विजय पुरम स्वतंत्रता संग्राम में हासिल की गई जीत और उसमें अंडमान



और निकोबार द्वीप समूह की अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हमारे स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है। यह द्वीप क्षेत्र जो कभी चोल साम्राज्य के नौसैनिक अड्डे के रूप में कार्य करता था, आज हमारी रणनीतिक और विकास आकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनने के लिए तैयार है। यह वह स्थान भी है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने तिरंगे को पहली बार फहराया था और वह सेल्युलर जेल भी है जहां वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संघर्ष किया था।

केंद्र सरकार अंडमान-निकोबार में द्वीपों के नाम लगातार बदल रही है। पहले केंद्र सरकार ने रोस आइलैंड का नामकरण नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप के नाम पर किया था। इसके अलावा नील आइलैंड को शहीद द्वीप और हेवलॉक आइलैंड को स्वराज द्वीप का नाम दिया गया। इसके बाद केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया गया।

## किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ा स्थित चत्तरु में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की जानकारी सामने आ रही है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। हालांकि अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि आतंकियों की संख्या कितनी है। फिलहाल आतंकियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

## विदेशी मुद्रा भंडार सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचकर 689 अरब डॉलर हुआ, आंकड़े जारी

**नई दिल्ली।** 06 सितंबर, 2024 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.2 बिलियन डॉलर बढ़कर 689.24 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार यह जानकारी दी। इससे पहले, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 बिलियन डॉलर बढ़कर 683.99 बिलियन डॉलर के पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आरबीआई की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 5.10 बिलियन डॉलर बढ़कर 604.1 बिलियन डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त, एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की वृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल है। सोने के भंडार में 129 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखी गई जो 61.98 बिलियन डॉलर हो गई। इस बीच, उपर्युक्त सप्ताह के लिए एसडीआर 4 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.47 बिलियन डॉलर हो गया। आईएमएफ में भारत के रिजर्व की स्थिति 9 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.63 अरब डॉलर हो गई।

## कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या के आरोप तय

### दंगे के लिए भीड़ को उकसाने, घरों में जबरन घुसने और चोरी के भी आरोप

**नई दिल्ली।** 1984 के सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ दिल्ली की अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने टाइटलर के खिलाफ हत्या, गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, दंगा भड़काना, अलग-अलग गुटों को एक दूसरे के खिलाफ भड़काना, घरों में जबरन घुसना और चोरी के आरोप तय किए हैं।

स्पेशल जज राकेश सियाल ने कहा है कि टाइटलर ने सीबीआई के आरोपों पर कहा था कि वे दोषी नहीं हैं। इसलिए अब टाइटलर के



खिलाफ इन आरोपों के हिसाब से ही केस चलेगा। मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। अदालत ने 30 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में कहा था कि टाइटलर के खिलाफ हत्या का केस चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। टाइटलर के खिलाफ 20 मई 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कहा था कि टाइटलर ने भीड़ को उकसाया। इसके बाद गुरुद्वारे में आग लगाई। इस हिंसा में ठाकुर सिंह, बादल सिंह और गुरुचरण सिंह मारे गए थे।

चार्जशीट के मुताबिक, एक गवाह ने आरोप लगाया था कि जगदीश टाइटलर 1 नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक एंबेसडर कार से बाहर निकले। इसके बाद उन्होंने भीड़ को उकसाते हुए कहा था- सिखों को मारो, उन्होंने हमारी मां को मारा है।

जगदीश टाइटलर 2004 में मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री थे, लेकिन विरोध के चलते उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। उन्हें पिछले साल दिल्ली नगरपालिका चुनाव के लिए समिति में शामिल किया गया था, जिससे विवाद हो गया। उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल होना था, लेकिन कंट्रोवर्सी से बचने के लिए वे यात्रा में शामिल नहीं हुए।

टाइटलर को क्लीन चिट मिल चुकी थी सिख दंगा केस में सीबीआई टाइटलर को पहले तीन बार क्लीन चिट दे चुकी थी।

## आरोपी संजय रॉय ने नॉर्को टेस्ट कराने से किया इनकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय ने नार्को टेस्ट के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया हैं। इसके बाद कोलकाता की सियालदह अदालत ने संजय रॉय के नार्को-विश्लेषण परीक्षण के लिए सीबीआई की अपील को खारिज कर दिया। इस पहले एक अधिकारी ने मामले में जानकारी देते हुए बताया था कि ये टेस्ट मुख्य रूप से यह जांचने के लिए है कि संजय रॉय सच बोल रहा है या नहीं। सीबीआई अधिकारी ने बताया कि नार्को टेस्ट के दौरान सोडियम पेंटोथल ड्रग संजय रॉय के शरीर में इंजेक्ट किया जाएगा, जिससे वह हिप्नोटिक स्थिति में चला जाएगा। अधिकारी ने कहा, कई मामलों में आरोपी ने नार्को टेस्ट के दौरान सही जानकारी दी है। सीबीआई ने पहले ही संजय रॉय पर पॉलीग्राफी टेस्ट कर चुकी है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना नौ अगस्त की है।

## डॉ. सुदाम खाड़े को माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलगुरू का अतिरिक्त प्रभार



**भोपाल।** राज्य शासन ने आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े को अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ कुलगुरू, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्य शासन द्वारा डॉ. खाड़े को प्रो. डॉ. के.जी. सुरेश का कार्यकाल समाप्त होने से नियमित कुलगुरू की नियुक्ति तक के लिये यह प्रभार सौंपा गया है। डॉ. खाड़े के पास वर्तमान में आयुक्त-सह-सचिव जनसम्पर्क और प्रबंध संचालक म.प्र. माध्यम का दायित्व है।

## अनुशासित और संयमित रहकर आदर्श नागरिक बने विद्यार्थी : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विद्यार्थी अनुशासित और संयमित रह कर आदर्श नागरिक बने। अपने जीवन और शिक्षा की यात्रा में उपयोगी चीजों को ही महत्व दे। नैतिकता, अनुशासन और एकाग्रता को भंग करने वाली गतिविधियों से दूर रहे। राज्यपाल श्री पटेल मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में आयोजित तूर्यनाद- 24 महोत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि भारत की इतिहास और संस्कृति में सेवा और संस्कारों की महान सीख विद्यमान है। विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का हमेशा आदर करे। उनकी सीख और एहसानों के प्रति जीवन भर आभारी रहे। हमेशा परिवार, समाज और राष्ट्र के सम्मान को बढ़ाने वाले काम करे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि युवा, तकनीकी ज्ञान के साथ भारत की ऐतिहासिक और गौरवशाली परम्पराओं से जुड़े रहें, क्योंकि विकास के लिए तकनीकी प्रगति जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और भाषायी प्रगति भी जरूरी है। सांस्कृतिक और भाषायी प्रगति के बिना तकनीकी प्रगति अधूरी है। उन्होंने कहा कि जीवन में वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपलब्धियों और चुनौतियों के बीच व्यावहारिक ताल-मेल स्थापित करना होगा। यही समन्वय हमें वास्तविक आनन्द प्रदान करता है। समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा के गुण, मानवता के विकास के हमेशा आधार रहे हैं। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने संस्थान के शिक्षकों से कहा कि छात्रों को भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कारों से दीक्षित करे।

## आने वाले पांच सालों में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमी : योगी

**लखनऊ।** पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। यह बात यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के



चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था।सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ।

कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही है। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे।

# पुलिस ने 38400 नकली नोटों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**यूट्यूब से विडियो देखकर नकली नोट बनाने का सीखा था तरीका**

**लंबे समय से घर पर बना रहा था नकली नोट,बाजारो में भी खपाया**




**सिंगरौली।** विंध्यनगर पुलिस ने नकली नोट घर में प्रिंट कर बाजार में खपाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसका खुलासा आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने किया है। बताया गया कि आरोपी ने नकली नोट बनाने के लिए यूट्यूब पहले विडियो देखा फिर नोट बनाने का सामान व प्रिंटर खरीदा। फिर घर पर ही 500,200,100 व 50 का नोट बनाकर बाजार में खपाने का काम करने लगा। जिसकी जानकारी पुलिस को लग गई। जहां पुलिस ने आरोपी को लकली नोट व नोट बनाने के सामान के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार विगत कुछ दिनों से थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना दिवेदी को इस बात की खबर मिल रही थी की क्षेत्र में एक व्यक्ति नकली नोटों को खपाने का प्रयास कर रहा है। जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देकर एक टीम सिविल ड्रेस में बाजार में तैनात की गई थी। जो इस बात की पतासाजी में गंभीरता से लगी हुई थी, जिस पर 12 सितंबर को मुखबिर द्वारा जानकारी मिली कि एक व्यक्ति ढोंटी गांव में नकली नोटों की खेप पहुंचाने आने वाला है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा एक टीम उप निरीक्षक संदीप नामदेव के साथ ढोंटी गांव में भेजी गई। जहां संदेही के मिलने पर मौके पर ही पूछताछ की गई व तलासी ली गई, तो उसके पास 100 एवं 200 रुपये के नकली नोट मिले। जिस संबंध में आरोपी से नाम पता पूछा गया जो अपना नाम चिन्टू उर्फदिनेश साकेत पिता अयोध्या साकेत उम्र 25 वर्ष निवासी बनौली खुटार थाना बैढ़न का रहने वाला बताया तथा घर पर ही उक्त नकली नोटों को प्रिन्टर से प्रिन्ट कर बाजार में खपाने की बात बताया। जहां आरोपी के बताये मुताबिक उसके घर बनौली से कलर प्रिंटर, लैपटाप, कागज एवं नोट तैयार करने में काम आने वाले उपकरणों को जप्त किया गया। आरोपी के घर से 500 के 4, 100 के 110, 200 के 127 नकली नोट बरामद किये गये हैं। जिन्हें आरोपी नकली के रूप में बाजार में चलाने के फिराक में था।

### छोटे दुकानदारों को 50 का नोट देकर लेता था सामान

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया गया कि 50 रुपये के नकली नोट भी तैयार किये गये थे। जिस छोटे दुकानदारों को देकर सामान ले लेता था चूंकि नोट कम मूल्य वर्ग के थे इसलिये दुकानदार भी ज्यादा चेक नहीं करते थे। आरोपी से जप्त नकली नोट पर थाना विन्ध्यनगर में अपराध धारा 180,181 182 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपी से यह जानकारी ली जा रही है कि उक्त मामले में उसके द्वारा कितने रुपये की नोट प्रिंट किये गये और उसे कहां कहां खपाया गया।

### पुलिस ने जब्त किया नोट बनाने का सामान

पुलिस ने बताया कि आरोपी दिनेश साकेत के पास से कलर प्रिंटर लैपटाप, कागज एवं नोट तैयार करने में काम आने वाले उपकरण एवं 100 रुपये के 110 नकली नोट, 200 रुपये के 127 नकली नोट, 500 रुपये के 4 नकली नोट कुल 38400 रुपये के नकली नोट जप्त किये गये हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी चिन्टू उर्फ दिनेश के द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा यूट्यूब में नकली नोट तैयार करने का वीडियो देखा था। उसी वीडियो को लगातार कई बार देखते रहने से आरोपी के दिमाग में नकली नोट तैयार करने का आइडिया मिला और इसी के लिये उसने सबसे पहले रंगीन प्रिंटर खरीदा था और घर पर ही मशीन की सेटअप कर नोट बनाने का काम करने लगा था।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

उक्त संपूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एएसपी शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन व सीएसपी पीएस परस्ते की देखरेख में विंध्यनगर थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी, उनि. संदीप नामदेव, शीतला यादव, सुधाकर सिंह चौकी प्रभारी खुटार, सउनि सुनील दुबे, प्रआर पंकज सिंह, हेमराज पटेल, नितिन गौतम, रामनिरंजन वैश्य, चौकी खुटार से प्रआर राय सिंह, कुलदीप शर्मा, आर.प्रदीप सिंह व गौरव यादव, मआर रानू सिंह की भूमिका रही।

# विस्थापित संघ आज बंद करेंगे एनसीएल की खदानें

**पूर्व विधायक रामलल्लू बैस का मिला समर्थन**



**सिंगरौली।** जिले के मोरवा मेढ़ौली स्थित वार्ड क्रमांक 10 के विस्थापितों ने 14 सितंबर को एनसीएल की दुद्धीचुआं एवं जयंत परियोजना की खदान को पूरी तरह से बंद करने तैयारी कर ली है। बताया जा रहा है कि इस आंदोलन में सिंगरौली के पूर्व विधायक रामलल्लू बैस का भी समर्थन मिल रहा है। 1980 से 2000 तक विस्थापित हुए लोगों का आरोप है कि एनसीएल की दुद्धीचुआं एवं जयंत परियोजना को कई बार मांग पत्र सौंपा गया एवं कई बार बैठक भी की गई। लेकिन एनसीएल प्रबंधन ने विस्थापितों के मांग पत्र पर किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया। विस्थापितों का आरोप है कि विस्थापन के बाद उन्हें मुआवजा तो दे दिया गया। परंतु उन्हें कहीं भी प्लॉट नहीं दिया गया। ना ही प्लॉट के बदले राशि का भुगतान किया गया। इसी मुद्दे पर लोगों ने फरवरी 2022 में एनसीएल की जयंत खदान को बंद किया गया था। जिसके बाद विस्थापितों को एनसीएल प्रबंधन द्वारा 3 महीने के भीतर सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक उनकी एक भी मांगे पूरी नहीं की गई। इसे लेकर भारतीय विस्थापित संघ सिंगरौली के पदाधिकारीयों ने पूर्व विधायक सिंगरौली रामलल्लू बैस से मुलाकात कर एनसीएल के काम को बंद करने की रणनीति बनाई है। पूर्व विधायक रामलल्लू बैस ने कहा कि एनसीएल की गलत नीतियों से तंग आकर विस्थापित 14 सितंबर को एनसीएल दुद्धीचुआ एवं जयंत परियोजना को बंद करेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि मेढ़ौली वार्ड क्रमांक 10 में एनसीएल दुद्धीचुआं एवं जयंत परियोजना द्वारा भूमि अधिग्रहण किया गया है। जिसमें मुआवजे को लेकर विस्थापितों में असंतोष व्याप्त है।

# शराब कारोबारियों के कब्जे से भारी मात्रा में शराब जब्त



**सिंगरौली।** मोरवा पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देते हुए शराब कारोबारियों की कब्जे से भारी मात्रा में शराब जब्त किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन व अनुविभागीय पुलिस मोरवा कृष्ण कुमार पाण्डेय की सतत निगरानी में थाना मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने की है। बताया गया कि थाना प्रभारी मोरवा द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर पिछले 24 घण्टे में विभिन्न जगहों से 7 अवैध शराब कारोबारियों को पकड़ा है। जिनमें अनिल पटेल को चटका से, प्रवीण दुबे को भूसामोड़,मोहन चौधरी को नेहरू नगर, मोहम्मद इरशाद को अम्बेडकर नगर, शिवप्रसाद यादव को थाना टोला, रामसजीवन यादव एवं भोलानाथ विश्वकमा को खिरवा से अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है। सभी के पास से अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब कुल 50 लीटर एवं 41 पाव हाथभट्टी प्लेन शराब जप्त की गई है। उक्त कार्यवाही में उपनिरी एन पी तिवारी, आरपी सिंह, सउनि डी एन सिंह, प्र आर संजय सिंह परिहार, अजीत सिंह, विपिन सिंह तोमर शामिल थे।

# सिंगरौली पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**आम जनता से प्रशासन एवं पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील**

**सिंगरौली।** आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को जिले के संपूर्ण थाना क्षेत्रो में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। शहर के थाना कोतवाली, विंध्यनगर, नवानगर, मोरवा,चितरंगी,गढवा,जियावन,सरई,माडा एवं चौकी जयंत क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। जिले में लगभग 300 से अधिक पुलिस जवानो के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च निकालने का मुख्य उद्देश्य आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखना एवं आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाने तथा अपराधियो में अनैतिक कृत्यो को ना करने की चेतावनी दिलाने के लिये है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियो द्वारा आम जनता से सवांद कर आगामी त्यौहारो के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहारो को मनाने में पुलिस तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च को पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी व पुलिस बल के द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च निकाला गया।

# विशेष जागरुकता अभियान स्वयंसिद्धा

**300 से अधिक छात्राओं को आत्म रक्षा के लिए किया गया प्रशिक्षित**

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय की मंशानुसार पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सेपियंट एकेडमी खनहना में आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसिद्धा आयोजित किया गया। थाना प्रभारी मोरवा कपूर त्रिपाठी, प्राचार्य रश्मि दिवेदी, प्रधानाध्यापक काजल किरण एवं सेल्फ डिफेंस टेक्निकल डायरेक्टर गणेश सिंह, खुशबू साकेत, अर्पिता विस्वास अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। विद्यालय में उपस्थित लगभग 300 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।



आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ नित्य प्रतिदिन हिंसा, छेड़छाड़, लूटपाट, दुष्कर्म आदि की अनेकानेक घटनाएं घटित होने की संभावना होने से आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर जूडो,कराटे, मार्शल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की छात्राएं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित दिखी और रुचि लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिखाई गई टेक्निक्स को सीखा एवं अपनी बातों को भी सामने रखा। छात्राओं ने आश्वस्त किया कि आज की सिखलाई को सभी के साथ शेयर करेंगी। लगातार अभ्यास कर स्वयं तो सीखेंगे ही और भी पांच लोगों को सिखलायेंगे।

# 25 वीं राज्य वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली के खिलाड़ियों ने जीता 13 पदक

**तीन स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक एवं पांच कांस्य पदक पर सिंगरौली का कब्जा**

**सिंगरौली।** 25 वीं राज्य सीनियर व सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली के खिलाड़ियों ने 13 पदक के साथ अपनी ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराई है। विगत दिनों सिवनी में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली जिले के 9 खिलाड़ियों ने सिंगरौली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सीनियर वर्ग में सिंगरौली की बेटी खुशबू साकेत ने 2 स्वर्ण पदक एवं वंदना प्रजापति ने 1 स्वर्ण पदक वहीं प्रतिभा रानी नायक ने 1रजक पदक, अर्पिता बिस्वास ने 1कांस्य पदक, अमन सेन ने 1 कांस्य पदक पर कब्जा जमा कर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। वही सब जूनियर वर्ग में ईशान पटेल ने 2 रजक पदक 1 कांस्य पदक,शौर्य पिपलिया ने 1रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक, आर्य ठाकुर ने 1 रजत पदक पर कब्जा जमा कर सिंगरौली जिले का नाम रोशन किया है। विदित हो उपरोक्त प्रतियोगिता वुशु एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एनके त्रिपाठी आईपीएस के मार्गदर्शन में एवं सचिव विश्वामित्र अवार्डी भारतीय वुशु दल की कोच सारिका गुप्ता के तकनीकी देखरेख में सिवनी जिले में आयोजित की गई थी,जिसमें 41 जिले के 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उपरोक्त प्रतियोगिता में जिले की प्रतिनिधित्व कर रही टीम के कोच के रूप गणेश सिंह विशाल एवं महिला टीम की कोच नम्रता सिंह रही। उपरोक्त सफलता पर सिंगरौली जिला वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित राज ने खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।




## अवैध शराब कारोबारी पर कार्यवाही

**सिंगरौली।** आबकारी विभाग ने वृत वैढन अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय की सूचना मिलने पर रामनरेश शाह पिता प्रेमलाल शाह निवासी बिलौंजी को एमपीईबी चौराहा बिलौंजी आरोपी के गोमती से 5 कागज के कार्टून में देसी मदिरा प्लेन एवं मसाला के 179 पाव बरामद की गई। जहां आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। प्रकरण की विवेचना जारी है। कुल जब्ती 32.22 बीएल जिसकी अनुमानित कीमत रूपयें 14450 है।

# 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूरे प्रदेश में 17 सितम्बर से गॉधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वाच्छता ही सेवा अभियान चलाया जायेगा। उक्त आशय का वक्तव्य जनपद पंचायत देवसर के सभागार में आयोजित सरपंच एवं स्वच्छता हितग्राहियो के प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द सिंह नागेश द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के 10 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में स्वाभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ ही पखवाड़े में विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपस्थित संबंधित सरपंचो को कहा कि स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तीन मुख्य स्तभ होगे। जिनमें स्वच्छता भागीदारी अंतर्गत जागरूकता बढ़ाने शपथ प्रतियोगिताएं वृक्षारोपण के साथ-साथ पंचायतो के अंतर्गत मोहल्ल गावो में साफ-सफाई के साथ साथ गीला कचरा और सूखा कचरा अलग अलग करने आदि के संबंध में जन भागीदारी को बढ़ावा देकर नागरिकों समुदायो और संगठनो का जुड़ाव हासिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गावो के सौदर्यीकरण के साथ साथ वृक्षारोपण एक पेड़ माँ के नाम किया जाना है। सुरक्षा सिविरो का आयोजन कर सफाई मित्रो का स्वास्थ्य परीक्षण उपचार एवं शासकीय योजनाओं से भी लाभान्वित कराया जाना है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो में डब्ल्यूएसपी सोकपिट की संरचनाओं को कचरे से खाली कराये।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व ओबीसी महासंघ के संयुक्त तत्वाधान मे हुआ धरना प्रदर्शन

**क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

**सिंगरौली।** जिले के सरई नगर परिषद मे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व ओबीसी महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में महासंघ कार्यालय के सामने सरई क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ को लेकर धरना प्रदर्शन व राष्ट्रपति,राज्यपाल, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के नाम तहसीलदार के हाथो ज्ञापन सौपा गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अजय प्रताप सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद, रुपनारायण सिंह पोया राष्ट्रीय संगठन सचिव गोंगपा,सुनील कुमार जायसवाल संस्थापक व राष्ट्रीयअध्यक्ष ओबीसी महासंघ ,प्रदेश सचिव उपेंद्र सिंह सोठिंया,लालदेव सिंह पूर्व एसडीओपी, राय सिंह मरावी जिला पंचायत सदस्य, सुरेंद्र प्रजापति पूर्व जिला पंचायत सदस्य नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष



जगधारी सिंह टेकाम व कुंवर सिंह परस्ते सरपंच एडवोकेट रामसिया जायसवाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही अजय प्रताप सिंह ने कहा कि सरई समेत सम्पूर्ण जिले मे लगातार आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ रहा है । उसका जिम्मेदार कौन है,यही गोंड सिंचाई परियोजना मे करोड़ो रूपये भाजपा के सरकार ने खा लिया, आज तक परियोजना जगह तय नहीं कर पाया व भाजपा का नल जल योजना पूरी तरह फेल रहा। वही सरई मे आज तक पिछड़े क्षेत्रों मे गिनती हो रही है जिसका जिम्मेदार कौन है। वही कार्यक्रम में सुनील कुमार जायसवाल ने कहा कि सरई क्षेत्र मे लगातार पिछड़े दलितो आदिवासीयों पर अन्याय अत्याचार बढ़ रहा है,उसे रोकने के लिए हम सब को दलो, संगठनो से ऊपर उठकर एक होना होगा। तब जाकर हक अधिकार मिल पायेगा।

सरई नगर परिषद, तहसील ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो, वन विभाग व सरई थाना अगर हमारी मांगो को 15 दिवस के अंदर पूरी नही की जाती है तो ओबीसी महासंघ व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समेत सभी सामाजिक संगठनों व राजनैतिक पार्टियों के साथ मिलकर विशाल धरना प्रदर्शन व अनिश्चितकालीन हड़ताल आंदोलन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।

## कन्या उमावि बैढ़न में कैरियर कांउसिलिग का किया गया आयोजन

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन के मंशानुसार जिले के बेरोजगार युवक,युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश एवं अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सिंगरौली द्वारा बीते 5 सितम्बर 2024 को शा. कन्या उमावि बैढ़न में कैरियर कांउसिलिग का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न काउंसलर, शिक्षकगण, एवं छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान छात्राओं ने उपस्थित होकर अपने बेहतर शिक्षा एवं भविष्य के लिए काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया। उक्त आयोजन के दौरान कैरियर कांउसिलिंग संबंधी चर्चा की गई, साथ ही कैरियर काउंसलरों के द्वारा लगभग 21 छात्राओं को व्यक्तिगत कैरियर काउंसिलिंग कर भविष्य से जुड़े पहलुओं को बताया और साथ ही छात्राओं के मन में आए हुए प्रश्नों का सही समाधान बातचीत के माध्यम से किया गया। सत्र को मनोरंजक बनाने के लिए काउंसलरों की टीम ने बहुत सारी गतिविधियां भी करवाई जैसे कि पहेंलिया सुलझाना, करंट अफेयर्स के प्रश्न पूछना, चित्र कला के माध्यम से उनकी सोच को जानना आदि।

# सरई एंबुलेंस 108 के चालक ने बताई सच्चाई, बोला हमारे ऊपर लगायें गये आरोप झूठे

**सिंगरौली।** सिंगरौली जिले की सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतगर्त का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे दिखाया गया था कि 108 चालक आशीष द्विवेदी और कर्मचारी ईएमटी अरविंद साकेत के द्वारा मरीज के परिजनों से पैसे मांगे जा रहे थे जिसके बाद पता किया गया सच्चाई जानने का प्रयास किया गया तो पता चला कि ऐसा कुछ मामला नहीं था 108 चालक आशीष द्विवेदी ने बताया कि 6 सितंबर 2024 को लगभग 5 बजे भोपाल से मारपीट का इवेंट आया था। रिफर केस ले जाने के लिए सरई सीएचसी से जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर बैढ़न के लिए जब मरीज लोग मारपीट वाले बैठ गए तभी एक महिला भी रेफर थी तो वह भी बैठ गई थी 108 गाड़ी में इमरजेंसी केस के होने के कारण जब दोनों परिजन और मरीज बैठ गए। तब सरई सीएचसी हॉस्पिटल के बाहर आते ही उन लोगों का कहना था कि आप हमारे घर चलिए कपड़े लेंगे और एक दो लोग और साथ में चलेंगे। ताकि वहां किसी प्रकार का कोई दिक्कत ना हो और थोड़ा बहुत पैसे भी लेंगे घर से खाना खर्चा के लिए तब मैं चालक आशीष द्विवेदी और ईएमटी अरविंद साकेत ने मना कर दिया कि हम किसी के घर नहीं जाते गाड़ी ले के इवेंट जहां से मिलती है और जहां तक पहुंचाना रहता है वहां तक छोड़ना हमारा काम है जो सरकार का नियम है लेकिन वह लोग नहीं माने जबरदस्ती कर रहे थे। दोबारा मना करने पर मरीजो के परिजन लोग पैसे ले लो थोड़ा बहुत लेकिन हम दोनों के घर चलो इसी बात के लिए बात बहस हुई और वह पैसे निकाल कर जबरदस्ती देने लगे नही लेने पर गाली गलौज करने लगे। परिजन लोग जब मैं घर जाने से मना कर दिया तब मरीज के परिजनों ने कहा कि आप हमें हॉस्पिटल ही छोड़ दो। हम प्राइवेट गाड़ी करके चले जाएंगे क्योंकि और लोगों को लेना है और पैसे भी लेना है। मैं बोला कि आप लोग इवेंट कैंसिल करवा देगे तभी मैं गाड़ी से उतारूंगा। आप सब को लेकिन वह लोग इवेंट कैंसिल नहीं कर रहे थे बल्कि बात बहस कर रहे थे। लगातर फिर परिजन लोग मरीज को नीचे उतार लिए उसके बाद जेब से अपने पैसे निकाल कर परिजनों ने गाली गलौज करना और वीडियो बनाना शुरु कर दिया फिर ज्यादा बाद विवाद ना हो इसलिए मैं ड्राइवर आशीष द्विवेदी और कर्मचारी ईएमटी अरविंद साकेत जो साथ में थे। हम दोनों ने एंबुलेंस लेकर सरई थाने में खड़ा कर दिए कुछ देर से दूसरे इवेंट में हम लोग निवास चले गए। फिर दूसरे दिन पता चला कि यह लोग वीडियो वायरल कर दिए हैं। तब हमे पता चला की हम लोगों का विडियो पैसे लेनदेन का वायरल हो रहा है लेकिन हम लोगों ने किसी प्रकार का ना ही पैसे का डिमांड किए थे और ना ही पैसे लिए हैं,यही थी पूरी उस दिन की पुरा सच्चाई हम दोनों को बेवजह फसाया जा रहा है।

# गणेश मूर्ति विसर्जन स्थल में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगाई गई ड्यूटी

**सीधी।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर श्री गणेश मूर्ति विसर्जन हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 17.09.2024 को कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार सोन नदी गऊघाट में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गोपदबनास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सोन नदी जोगदहा अमिलिया में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बहरी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल की, सोन नदी कोल्दहा चुरहट में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट चुरहट तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत चुरहट की, सोन नदी भंवर सेन रामपुर नैकिन में तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रामपुर नैकिन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की, बनास नदी सेहड़ा नदी मझौली में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मझौली तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली की, गोपद नदी गोतरा घाट खर्रा घाट में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कुसमी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी की तथा गोपालदास बांध सीधी में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गोपदबनास तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होने निर्देशित किया है कि वर्तमान समय में वर्षा से प्रभावित नदी एवं नहर में जल स्तर वृद्धि होने की पूर्ण संभावना है। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त सभी विसर्जन स्थल पर कमान्डेंट होमगार्ड सीधी तैराक, गोताखोर, रस्सी, नाव एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की यथोचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त सभी विसर्जन स्थल पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी चिकित्सक दल के साथ आवश्यक उपकरणों सहित एम्बुलेंस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्र में मुख्य नगर पालिक अधिकारी सीधी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जिला सीधी विसर्जन स्थल पर पेयजल, लाइट, वेरिकेंटिंग आदि की यथोचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उपखण्ड दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था एवं अन्य समस्त व्यवस्थाओं के लिये उत्तरदायी होंगे। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार समस्त अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत राजस्व निरीक्षक, पटवारी, एवं कोटवारों को मूर्ति विसर्जन स्थलों में सतत् निगरानी हेतु निर्देशित करें।

## पुलिस अधीक्षक ने किया मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण

### सभी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा मूर्ति विसर्जन हेतु चिन्हित स्थलों सोन नदी गऊ घाट पर किए जाने वाले प्रबंधों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, एसडीओपी गायत्री तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने विसर्जन कुण्ड के समीप सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने



विसर्जन स्थल के निर्धारित स्थल पर बेरिकेटिंग करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने विसर्जन स्थल के समीप जेसीबी मशीन, गोताखोर, चिकित्सीय दल के साथ-साथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही छाया, पेयजल एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार से अवरोध उत्पन्न ना हो, इसका विशेष ध्यान देते हुए मूर्तियों का विसर्जन स्थल तक पहुंचने के रूटचार्ट के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 14 सितंबर को

## 20 खंडपीठों द्वारा होगा प्रकरणों का निराकरण

**सीधी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 की तीसरी लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 सितंबर 2024 को जिला मुख्यालय सीधी तथा तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में किया जायेगा। जिला मुख्यालय सीधी में प्रात: 10:30 बजे स्थानीय ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 20 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय सीधी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, प्रथम जिला न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सोनम शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं श्रम न्यायालय के प्रकरणों का निराकरण हेतु श्रम न्यायाधीश श्री सुशील गहलोत की न्यायिक खंडपीठ का गठन किया गया है। सिविल न्यायालय चुरहट में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नृपेन्द्र सिंह परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली बड़ेरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री विजया विश्वकर्मा एवं सिविल न्यायालय मझौली में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री दीपक कुमार अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री रूची परते तथा सिविल न्यायालय रामपुर नैकिन में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री परमानंद सनोडिया की खंडपीठों का गठन किया गया है।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी ने नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ साथ जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जायेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने आमजन से जिनके राजीनामा योग्य प्रकरण न्यायालय में लंबित हो अथवा बैंक वसूली, जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण दिनांक 14 सितंबर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराने की अपील की है।

# सेवा प्रदाताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**सीधी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से सीएमएचओ कार्यालय में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाता एवं आशा कार्यकर्ताओं को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अस्थाई परिवार नियोजन साधनों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु आशा कार्यकर्ता के द्वारा हितग्राहियों को बास्केट ऑफ च्वाइस के आधार पर सलाह एवं अस्थाई परिवार नियोजन साधनों जैसे अंतरा इंजेक्शन की सेवाएं



लेने की सलाह एवं विवाह पश्चात 2 वर्ष बाद प्रथम बच्चा तथा प्रथम बच्चे और द्वितीय बच्चों के बीच 3 साल का अंतराल रखने की सलाह दी गई।

इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा जयमंती यादव, अनुराधा पांडे, अनुराधा साकेत, सावित्री सिंह, रानी केवट, सरस्वती तिवारी तथा एएनएम उर्मिला प्रजापति, मनीष तिवारी, संतोष मांझी एवं सीएचओ दीपिका सिसराम, शिव प्रताप सिंह, दिव्या सेमईया को सीएमसीएचओ डॉ सुनीता तिवारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ सुनीता तिवारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ प्रजापति, डीईएमआईओ राजेंद्र तिवारी, आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन के संभागीय समन्वयक पवन बारी, प्रोग्राम एक्सक्यूटिव मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

# नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति द्वारा सेक्टर सिहावल के प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक

**सीधी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर द्वारा जिला सीधी के विकासखंड सिहावल अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 1 सिहावल के ग्राम पंचायत भवन बमुरी के पंचायत भवन में सेक्टर सिहावल की सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों और मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र की किए गए कार्यों एवं आगे की कार्य योजना एवं रिकॉर्ड संधारण से संबंधित समीक्षा बैठक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री शिव दत्त उर्मलिया के मुख्य आतिथ्य में और




विकासखंड समन्वयक श्री अनिल पाठक विशिष्टआतिथ्य में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा द्वारा किया गया।

विकासखंड समन्वयक द्वारा सभी समितियों को शासन द्वारा चलाई जाने वाली संपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और बताया गया कि गांव में अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को हर जरूरत वाली योजनाओं की जानकारी बताना और उसका लाभ दिलाने में सहयोग करना है और आवश्यकता पड़ने पर नवांकुर संस्था और विभाग से मार्गदर्शन ले सकते हैं। सभी कार्य को रिकार्ड में संधारण अनिवार्यत: करें। मुख्य अतिथि द्वारा परिषद के बारे में उसके कार्य योजना के बारे में जानकारी बताई गई। साथ ही प्रस्फुटन समितियों को ग्रामीण क्षेत्र में किस प्रकार से अपने गांव में जन जन तक जनकल्याणकारी योजनाओं को हमारे गांव में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को किस प्रकार से योजना का लाभ दिलाना है उसका कार्य करना है। साथ ही प्रचार-प्रसार,दीवाल लेखन,नाटक नुक्कड़, से हर व्यक्ति को योजनाओं का संदेश देकर सभी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी है। पौधारोपण कार्यक्रम अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम सभी को लगाना है और पर्यावरण को सुरक्षित बनाना है। साथ ही शासन की और अन्य योजनाएं सभी को ध्यान में रखते हुए कार्य करना है। साथ ही समिति के रिकार्ड संधारण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में गांव के सभी लोगों को शामिल करने को बताया गया और हर व्यक्ति को जागरूक करने का उद्देश्य दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्रों को भी नवांकुर और प्रस्फुटन समिति के साथ मिलकर फील्ड में प्रायोगिक कार्य संपादित करना है।

# मिलाद-उन-नबी त्यौहार को शान्तिपूर्वक मनाने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर मिलाद-उन-नबी का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये जाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा सँहिता 2023 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी थाना क्षेत्र में लगाई गई है। जारी आदेशानुसार निवेदिता त्रिपाठी प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोपदबनास की ड्यूटी थाना कोतवाली सीधी में, तीरथ प्रसाद अक्षरिया प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी की ड्यूटी थाना जमोड़ी में, इन्द्रभान सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बहरी की ड्यूटी थाना बहरी में, दिनेश तिवारी प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सिहावल की ड्यूटी थाना अमिलिया में, बाल्मीक साकेत प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी मझौली की ड्यूटी थाना मझौली में, संतोष कुमार अरिहा प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी मड़वास की ड्यूटी थाना मड़वास में, नारायण सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कुसमी की ड्यूटी थाना कुसमी में, सोने सिंह प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील भुईमाड़ की ड्यूटी थाना भुईमाड़ में, जय प्रकाश पाण्डेय प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामपुर नैकिन की ड्यूटी थाना रामपुर नैकिन में, राकेश कुमार शुक्ला प्रभारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी चुरहट की ड्यूटी थाना चुरहट में तथा रामप्रताप सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी चुरहट की ड्यूटी थाना कमर्जी में लगायी गई है।

उन्होने निर्देशित किया है कि तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार समस्त अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं संबंधित कोटवारों को शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए प्रत्येक स्थानों में सतत निगरानी के लिए निर्देशित करेंगे। जिला अंतर्गत पदस्थ समस्त कोटवारों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 16.09.2024 को नियत कर्तव्य स्थल पर यूनिफार्म के साथ कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं चौकी प्रभारियों के समक्ष उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा उनके द्वारा सौंपे गये कार्य का निर्वहन करेंगे। उपखण्ड दण्डाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था एवं अन्य समस्त व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे।

# व्यक्ति के अधिकार वहा तक है जहां तक दूसरे के अधिकारों का उल्लंघन ना हो: चन्द्रमोहन

**सीधी।** मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में नि:शुल्क कोचिंग के छात्र-छात्राओं को मानव अधिकार संबंधी जानकारी साझा करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्री चंद्रमोहन गुप्ता ने कहा है कि व्यक्ति के अधिकार वहीं तक है, जहां तक दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन ना हो। इसलिए न्यायालयों में भी बिना सुनवाई के किसी को भी दंडित नहीं किया जा सकता।

नगर पालिका सीएमओ मिनी अग्रवाल ने कहा कि कोई भी मानव अधिकार बिना कर्तव्यों के पूर्ण नहीं होते हैं। अगर नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करें, तो प्रशासन भी ज्यादा अच्छे से कार्य कर पाता है। आर के तिवारी ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना बिना शिक्षा के संभव नहीं है।

इस दौरान नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के सीधी जिला मित्र गणेश परिहार, विनय तिवारी, सहायक संचालक नि:शुल्क कोचिंग किरण भारती और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन व आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस जनपद पंचायत सभागार में निरंतर रूप से संचालित हो रही है।

# मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल का 30वां स्थापना दिवस कार्यक्रम

## नगरीय सुशासन-मानव अधिकार विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी

**सीधी।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल के स्थापना दिवस समारोह में जिले स्तर पर भी आयोग के प्रतिनिधि (आयोग मित्र) द्वारा जनपद पंचायत सभागार सीधी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयोग के गतिविधियों, अधिकारों तथा जागरूकता संबधी बातों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य विषय नगरीय सुशासन - मानव अधिकार पर चर्चा की गई। जिस पर जिला प्रशासन, नगरीय प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र मोहन गुप्ता ने बताया कि साफ सड़क, स्वच्छ जल भी मानव अधिकार का



हिस्सा है इसलिए ये हम सबकी और सरकार की भी जिम्मेदारी है, इसे उपलब्ध करायें और हम नागरिक इसे संरक्षित रखें।

नगरीय प्रशासन की तरफ से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी मिनी अग्रवाल ने जिले के नागरिक को इस अवसर पर आश्वस्त किया है कि नगर पालिका द्वारा नगरीय क्षेत्र में नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सेवाओं की निरंतरता के लिए जनता जनार्दन से सहयोग के लिए अपेक्षा रहेगी।

मध्य प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग भोपाल के प्रतिनिधि सीधी जिले के संयोजक आयोग मित्र गणेश सिंह द्वारा आयोग के गतिविधियों तथा मानव अधिकार के जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सबसे पहले हर व्यक्ति मनुष्य है और इस नाते उसे ये अधिकार प्राप्त है अगर इस अधिकार का किसी व्यक्ति संस्था सरकार या किसी के द्वारा हनन किया जा रहा है तो वह उसके लिए आवाज उठा सकता है, वह कोई आम नागरिक हो या कर्मचारी या अन्य। उन्होंने बताया कि आयोग के लिए शिकायत करने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन (पत्र व्यवहार) द्वारा शिकायत की जा सकती है ताकि आपके साथ हुए अन्याय के लिए सही न्याय मिल सके। इसी क्रम में शिक्षा विभाग से उपस्थित डीपीसी राजेश तिवारी ने शिक्षा के अधिकार पर चर्चा की और कहा कि हर व्यक्ति शिक्षा पा सके इसके लिए वह लड़ तक सकता है। ये उसका हक है। पत्रकार शशांक शेखर मिश्र ने भी नगरीय प्रशासन पर कार्य करने की बात कही और अच्छे सुशासन के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीधी से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक तिवारी, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, जनपद पंचायत सीधी एपीओ सुभाष श्रीवास्तव, नगर पालिका सीधी से गौरव सिंह, नेहरू युवा केंद्र से प्रदीप शुक्ला, विनय तिवारी पैरालीगल वालेंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायायल सीधी एवं परामर्शदाता मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सीधी तथा जिले के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा(दो पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

ई. निविदा क्रमांक डिप्टी. सी.ई.-सी.-सीधी-06-2024 दिनांक-12.09.2024

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई.-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.-सी.-सीधी-06-2024, दिनांक-12.09.2024 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख 15.10.2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एंव समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। निविदा क्र.: डिप्टी सी.ई.-सी.-सीधी-06-2024 दिनांक-12.09.2024, कार्य का नाम लोकेशन सहित: तटबंध/कटिंग में मिट्टी का काम जिसमें ब्लौंकेटिंग, आरयूबी/एलएचएस सहित छोटे पुलों (बॉक्स ब्रिज/पीएससी स्लैब) का निर्माण, नहर क्रॉसिंग और बहरी-देवसर सेक्शन में किमी 122.300 से 144.300 तक सुरंग भाग को छोड़कर अन्य विविध कार्य शामिल हैं (किमी 122.300 से किमी 123.40 तक; किमी 124.400 से किमी 127.550 तक और किमी 130.200 से किमी 134.250 तक), प्रमुख पुल भाग (किमी 134.250 से किमी 134.500 तक; किमी 135.450 से किमी 135.750 तक और किमी 142.360 से किमी 142.630 तक) और महत्वपूर्ण पुल। सीधी-सिंगरौली नई बड़ी रेल लाइन परियोजना से संबंधित भाग (किमी 123.400 से 124.400 तक; किमी 127.550 से 128.200 तक और किमी 138.100 से किमी 138.900 तक)। निविदा का अनुमानित मूल्य: रु. 888497322.72, निविदा फार्म की (कीमत रुपये): रु.0.00, बयाना राशि(रुपये में): रु. 4592500.00, कार्य समापन अवधि(माह): 18 माह मानसून सहित, ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक-15.10.2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप मुख्य अभियंता(निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## संपादकीय

# मरीजों की सोचें

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ घटी दर्दनाक घटना को महीने भर से ऊपर हो गए, मगर सुप्रीम कोर्ट की दखल व समय-सीमा तय किए जाने के बाद भी यदि आंदोलित जूनियर डॉक्टर काम पर नहीं लौटे, तो यह वाकई चिंता की बात है। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार शाम पांच बजे तक डॉक्टरों को काम पर लौटने को कहा था। संदिग्ध आरोपी को छह घंटे के भीतर कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने, कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपने और इस केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा कॉलेज प्रिंसिपल संदीप घोष की गिरफ्तारी के बावजूद आक्रोशित डॉक्टरों को भरोसा नहीं हो रहा, तो यह अपने आप में पूरे तंत्र पर गंभीर टिप्पणी है। उधर अस्पताल प्रशासन ने पचास से अधिक डॉक्टरों और सहायकों को कथित तौर पर 'जूनियर डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को डराने-धमकाने' के लिए नोटिस थमा दिया, जिसका जवाब उन्हें आज देना है। इस टकराव की पृष्ठभूमि में हड़ताल की वजह से पश्चिम बंगाल के मरीजों को कितनी तकलीफें उठानी पड़ रही हैं, इसका अंदाजा सिर्फ इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि सोमवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, इस हड़ताल के कारण सूबे में 23 मरीजों की जान चली गई। निस्संदेह, दुनिया की कोई भी सरकार यह दावा नहीं कर सकती कि वह अपने सूबे में एक भी आपराधिक वारदात नहीं होने देगी। मगर किसी सरकार की संवेदनशीलता और दक्षता इसी बात से आंकी जाती है कि घटना के प्रति उसका रवैया कैसा रहा? इसमें दोराय नहीं कि आरजी कर कॉलेज एवं अस्पताल की वारदात के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की असंवेदनशीलता ने इसे अधिक जटिल बनाया। यह घटना राजधानी कोलकाता में घटी और सरकार जानती थी कि यदि डॉक्टर आंदोलित हुए, तो पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जाएंगी। उसके पास इस तथ्य से अनभिज्ञता का भी बहाना नहीं कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बाधित होने से समाज के सबसे ज्यादा गरीब तबके को सर्वाधिक पीड़ा भोगनी पड़ती है। इसके बावजूद साथी की मौत से उद्वेलित डॉक्टरों के मर्म को सहलाने के बजाय तृणमूल के कुछ मंत्री-सांसद उनके जख्म कुरेदने वाले शब्द-बाण चलाते रहे।

# अमित शाह के आश्वासन को भाजपा ने क्यों किया दरकिनार?

## क्यों घाटी की 28 सीटों पर नहीं उतारे उम्मीदवार?

(नीरज कुमार दुबे)

जहां तक कश्मीर में भाजपा कार्यकर्ताओं की निराशा की बात है तो इस संबंध में हम आपको बता दें कि इनमें से कई लोगों ने मीडिया से बातचीत में खुलकर यह कहा है कि यदि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर और अपने दम पर सरकार बनाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरी भाजपा इस केंद्र शासित प्रदेश में बिल्कुल नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत तो चाह रही है मगर उसने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे हैं इसलिए सवाल उठ रहा है कि जब सभी सीटों पर वह लड़ ही नहीं रही है तो सरकार कैसे बना लेगी? हम आपको बता दें कि भाजपा घाटी की सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। देखा जाये तो कश्मीर घाटी में 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का भाजपा का फैसला हैरानी भरा है क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि पार्टी जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। गत सप्ताह भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर आये अमित शाह ने दावा किया था कि भाजपा ही केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी। इसलिए सवाल उठता है कि भाजपा सरकार बनाने लायक नंबर कहां से लायेगी?

हम आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत कर अपना पार्टी संगठन खड़ा किया था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके पास समर्थकों की अच्छी खासी तादाद भी है लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे जिससे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता नाराज बताये जा रहे हैं। हालांकि भाजपा इस नाराजगी को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही और उसका कहना है कि कश्मीरी जनता हमें उन 19 सीटों पर भारी बहुमत देगी जहां हमने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मगर कश्मीर घाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। श्रीनगर में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हमने वर्षों से विपरीत माहौल में पार्टी को



खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन जब हमें पुरस्कृत करने का समय आया, तो पार्टी ने हम पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने या तो सीटें छोड़ दीं या ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जो पार्टी में नए हैं।

कश्मीर घाटी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के वादे पर भी सवाल उठा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि इसी साल मई में घाटी की अपनी यात्रा के दौरान, भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर घाटी की सभी तीन सीटों को छोड़ने के फैसले पर खेद व्यक्त किया था। हम आपको याद दिला दें कि लोकसभा चुनावों में जम्मू में आने वाली दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी और उसने कश्मीर की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। अमित शाह ने उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं से जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा था कि भाजपा इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इसलिए सवाल उठ रहा है नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिये गये आश्वासन के बावजूद भाजपा ने अपना मन क्यों बदला? हम आपको बता दें कि कश्मीर में पार्टी के 19 उम्मीदवारों में दक्षिण कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से आठ, मध्य कश्मीर की 15 में से छह और उत्तरी कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से पांच शामिल हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि वह घाटी में किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर रहे हैं और केवल 19 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का निर्णय एक सोचा समझा फैसला है ताकि कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को जीत हासिल करने में मदद मिल सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनावों में भी कश्मीर घाटी की तीनों लोकसभा सीटें इसलिए छोड़ी गयीं थीं कि अन्य ताकतवर उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को हरा सकें और पार्टी की वह रणनीति कामयाब रही थी। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कश्मीर घाटी में इस बार कई स्वतंत्र उम्मीदवार जीतने की हैसियत रखते हैं इसलिए उनकी राह में बाधा बनना सही नहीं है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह स्वतंत्र उम्मीदवार जीत हासिल करते हैं तो सरकार बनने की स्थिति में पार्टी की मदद कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला इसलिए भी लिया गया है ताकि वंशवादी राजनीति करने वाले नेताओं को हराने में अन्य प्रबल उम्मीदवारों की मदद की जा सके।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व जानता है कि श्रीनगर की एक सीट पर ही उसकी जीत की पूरी संभावना है। इसलिए छोड़ी गयी सीटों पर सीधे पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतार कर डमी उम्मीदवार उतारे गये हैं जो समय आने पर भाजपा के लिए मददगार साबित होंगे। हालांकि भाजपा की इस रणनीति को कश्मीरी नेता बखूभी समझ रहे हैं। हम आपको बता दें कि नेशनल कांफ्रेंस का अब्दुल्ला परिवार और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती खुलेआम कह रहे हैं कि भाजपा ने निर्दलीयों और नये दलों की फौज उतार दी है ताकि कश्मीर में दशकों से राजनीति कर रहे दलों के समीकरण बिगड़ जायें। यही नहीं, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग से भाजपा उम्मीदवार रफीक वानी ने भी खुले तौर पर दावा कर दिया है कि नए क्षेत्रीय दल और निर्दलीय हमारे ही हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि इंजीनियर राशिद हमारे हैं, सज्जाद लोन भी हमारे हैं, अल्ताफ बुखारी भी हमारे हैं और गुलाम नबी आज़ाद भी हमारे ही हैं, निर्दलीय उम्मीदवार भी हमारे ही हैं।

हम आपको बता दें कि भाजपा का प्रयास है कि उसे जम्मू में 35 और कश्मीर से सभी 19 सीटें मिल जाएं ताकि 90 सदस्यीय विधानसभा में वह स्पष्ट बहुमत हासिल कर सके। भाजपा को यह भी लगता है कि कश्मीर में पांच पार्टियां समय आने पर उसका समर्थन कर सकती हैं। घाटी में चर्चाएं तो यहां तक हैं कि अभी कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही नेशनल कांफ्रेंस भी जरूरत पड़ने पर सरकार गठन के लिए भाजपा के साथ जा सकती है। हम आपको याद दिला दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में नेशनल कांफ्रेंस एनडीए का हिस्सा रह चुकी है। उस समय उमर अब्दुल्ला वाजपेयी सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे।

बहरहाल, घाटी की 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारने के फैसले के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रचार की शुरुआत कश्मीर घाटी से ही करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए 19 सितंबर को श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर पार्क में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि इस रैली में करीब 30,000 पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। देखना होगा कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति का ऊँट किस करवट बैठता है?

# हरियाणा में अपनों ने बढ़ाई भाजपा की मुश्किल

(राज कुमार सिंह)

टिकट वितरण के समय राजनीतिक दलों में असंतोष नया नहीं, लेकिन हरियाणा भाजपा में जो कुछ हो रहा है, उसे असंतोष नहीं, बगावत कहना सही होगा। जैसे-जैसे प्रत्याशियों की लिस्ट आती गई, बगावत के स्वर मुखर होते गए। बेशक, दस साल बाद सत्ता में वापसी की आस लगा रही कांग्रेस को भी इससे भाजपा पर तंज करने का मौका मिल गया है, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि खुद कांग्रेस भी हरियाणा में लंबे वक्त से गुटबाजी का शिकार रही है और वह इस बार प्रत्याशियों की घोषणा बहुत सावधानी के साथ कर रही है।

### कई विधायकों के टिकट कटे

हरियाणा भाजपा आज जिस तरह की बगावत का सामना कर रही है, शायद ही यहां उसके साथ पहले ऐसा हुआ हो। इसकी वजह भी है। चार मंत्रियों समेत 15 विधायकों के टिकट काटना सामान्य तो हरगिज नहीं है। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा को पिछली बार 40 सीटें मिली थीं। यानी एक-तिहाई से भी ज्यादा विधायकों के टिकट काट दिए गए। लेकिन यह बात भी सही है कि ऐसी ही रणनीति दूसरे राज्यों में उसके लिए कारगर साबित हो चुकी है।

### सत्ता विरोधी भावना की काट

यह सत्ता विरोधी भावना कम करने के लिए ही किया गया होगा। दस साल के शासन के बाद लोगों में सत्ता विरोधी भावना होना अस्वाभाविक नहीं, पर सिर्फ चेहरे बदलने से उसकी काट हो जाएगी, यह भी मानकर नहीं चला जा सकता। सत्ता विरोधी भावना सरकार के विरुद्ध होती है, लेकिन उसका स्थानीय प्रतिनिधि होने के नाते सबसे ज्यादा खामियाजा विधायक को भुगतना पड़ता है। मतदाता तो बेहतर काम की अपेक्षा रखते ही हैं, कार्यकर्ता भी विधायक पर अपने कामों के लिए दबाव बनाते हैं। जब अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं तो नाराजगी की कीमत विधायक को चुकानी पड़ती है ङ्क कभी टिकट कटने के रूप में तो कभी चुनावी हार के रूप में।

### नेताओं की अनदेखी

टिकट कटने पर निराशा में आरोप भी लगाए जाते हैं और राजनीतिक विकल्प भी खोजे जाते हैं, पर कैमरे पर रोते हुए दिखना नया ट्रेंड है। अन्य



दल से या निर्दलीय चुनाव लड़ने पर सहानुभूति कितनी मिलेगी, चुनाव परिणाम बताएंगे, लेकिन पुराने नेताओं की अनदेखी का संदेश तो गया ही है। ऐसे फैसलों का बचाव करना तब ज्यादा मुश्किल होता है, जब पार्टी अन्य दलों या क्षेत्रों से लाकर उम्मीदवार थोप देती है। मसलन, स्वास्थ्य मंत्री बनवारी लाल अपने दायित्व का निर्वाह ठीक से नहीं कर रहे थे, तो उन्हें पहले ही मंत्रिमंडल से हटा दिया जाना चाहिए था। मगर उनके स्वास्थ्य निदेशक को नौकरी छोड़ते ही उनकी जगह टिकट दे देना कैसे सही ठहराया जा सकता है?

### सीट बदलते सीएम

ऐसे ही निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला को पहले मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी सरकार में मंत्री बनाया गया। फिर लोकसभा चुनाव में हिसार से भाजपा उम्मीदवार बना दिया गया, लेकिन हारने के बाद अब उनकी परंपरागत सीट से विधानसभा टिकट लायक भी नहीं समझा गया। विधायक मोहन लाल बड़ौली को सोनीपत से लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। हारने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भी बना दिया गया, लेकिन अब वह विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह का दस साल में चौथी बार सीट बदलना भी चर्चा का विषय है।

### दलबदलुओं पर दांव

आरोपों के चलते सोनीपत के सांसद रमेश कौशिक का टिकट काटा गया था, अब गन्नौर से उनके भाई को टिकट दे दिया गया है। सवाल उठ रहा है कि क्या कांग्रेस से भाजपा में आए रमेश कौशिक के भाई से बेहतर कोई पुराना निष्ठावान नेता पार्टी में नहीं था? दलबदलुओं पर दांव लगाने के आरोप तो भाजपा पर 2014 के बाद से लगातार बढ़ते गए हैं, इन विधानसभा चुनावों में परिवारवाद से भी उसने कोई परहेज नहीं किया। दो महीने पहले कांग्रेस से आई किरण चौधरी को राज्यसभा भेजने के बाद उनकी बेटी श्रुति चौधरी को भी तोशाम से टिकट दे दिया गया है।

### राज्यमंत्री की पीड़ा

इस बार टिकट तो केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती को भी मिल गया, लेकिन लगातार उपेक्षा से उनकी पीड़ा अब मुखर होने लगी है। तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनने पर इसी साल जून में फिर राज्य मंत्री बनाए जाने पर इंद्रजीत ने अपना दर्द बयां किया था कि वह शायद केंद्र में सबसे लंबे समय तक राज्य मंत्री रहने का रेकॉर्ड बना चुके हैं। ध्यान रहे कि 2014 में मोदी की लहर में कमल थामने से पहले राव इंद्रजीत सिंह कांग्रेस सरकार में भी केंद्र में राज्य मंत्री रहे थे।

### सीएम पद का सपना

अहीरवाल इलाके के सबसे बड़े नेता माने जाने वाले इंद्रजीत का सपना मुख्यमंत्री बनना है। उन्होंने इसे कभी छिपाया भी नहीं, पर अब जब भाजपा हरियाणा में भी सत्ता की हैट्रिक की कवायद में जुटी है, वह याद दिला रहे हैं कि अगर अहीरवाल ने पूरा जन समर्थन नहीं दिया होता तो मनोहर लाल दो बार मुख्यमंत्री नहीं बन पाते। टिकट वितरण में राव की सुननेवाली भाजपा उनका मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा करेगी, इसके आसार नहीं दिखते। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से ले कर केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तक कह चुके हैं कि सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही होंगे।

### राह के रोड़े

ऐसे में राजनीति के पुराने खिलाड़ी राव के दांव अभूतपूर्व अंतर्कलह से ग्रस्त बीजेपी की चुनौतियां बढ़ाएंगे ही। राजनीतिक रूप से सजग और सक्रिय हरियाणा में सत्ता की 'हैट्रिक' अपने आप में दुष्कर चुनौती है। उस राह में अंतर्कलह और भितरघात के रोड़ों से निपटना बीजेपी के लिए आसान तो हरगिज नहीं होगा। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5491

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | ■ |
| 9 | | ■ | 10 | | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | 24 |
| | ■ | 25 | | | ■ | 26 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. आस्ट्रिया और इस देश ने अलग होने के बाद 1918 को चकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ (3)
4. 1930 को इस भारतीय फिल्म गीतकार ने जन्म लिया था जिन्होंने 300 से अधिक फिल्मों के लिए 1500 से अधिक गीत लिखे (4)
7. तुल्यता, बराबरी, तुलना (3)
8. दुर्व्यसन, बुरी आदत, चसका (2)
9. वाक्य का अपभ्रंश (2)
10. उच्छिष्ट, भुक्त शेष (2)
12. ऋषि, अवाचाल, मौनी (2)
13. राक्षस, पिशाच, समुद्री नमक (3)
15. यह विश्व कही सबसे लंबी नदी है जिसकी लंबाई 6650 कि.मी. है (2)
17. अगर, जो (2)
18. एक विलायती मदिरा (2)
19. बबूल के वृक्ष को यह भी कहते है (3)
22. छोरस्थ, नितांत अंतिम (3)
23. महाप्रबंधक (अंग्रेजी) (2)
25. लोभी, जिसे अधिक लोलुपता हो (3)
26. कला आदि सिखलाने वाला व्यक्ति (2)

**ऊपर से नीचे**

1. माता सरस्वती का एक नाम, शारदा (5)
2. रिक्त, खाली, अनभरा (2)
5. श्रीराम की सेवा का एक वानर (2)
6. कोटि, जाति का अपभ्रंश (2)
10. अधीनस्थ, आज्ञाहीन, मातहत (4)
11. मुलायम, मृदु, कोमल (3)
14. लय, स्वर (2)
16. रेखा, लाइन, लीक (3)
20. हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की पत्नी का यह नाम था, लक्ष्मी, लौकिकी अप्सराओं में एक अप्सरा का नाम (3)
21. एक छोटा पौधा जिसके बीज दवा और मसाले के काम आते है (2)
22. एक श्लोक का चतुर्थांश, ओहदा (2)
23. अभिनेता गोविंदा इस नाम से भी जाने जाते है (2)
24. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी लीमा है (2)

### वर्ग पहेली 5490 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | रा | धा | पौ | ड | वा | ल |
| मृ | ■ | ह | र | ना | ■ | स | दा |
| ता | क | त | ■ | ■ | प | व | न |
| प्री | त | ■ | स | र | ह | द | ■ |
| त | र | ■ | मा | ■ | ल | त्ता | ■ |
| म | ■ | गा | धि | ■ | वा | ■ | व |
| ■ | भ | य | ■ | ज्ञ | न | म | त |
| सै | ला | ब | ■ | स्ता | ■ | घा | न |

# कदम कदम बढ़ाए जा...

(प्रणव प्रियदर्शी)

ग्लोबल स्टार्टअप डेटा प्लैटफॉर्म ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह महिला उद्यमियों की दुनिया में ऊंचा मकाम रखती हैं। लेकिन अगर बात इंडस्ट्री में महिलाओं के आगे बढ़ते कदमों की हो तो उनके स्टैंडर्ड एकदम अलग हैं। एक महिला उद्यमी के तौर पर उन्हें उस दिन का इंतजार है जब विमिन लीडर्स की बढ़ती संख्या का प्रतिशत देखने के बजाय लोग इंडस्ट्री पर उनके सामूहिक प्रभाव का जश्न मनाएंगे।



बहरहाल, महिला उद्यमी के रूप में उनकी यात्रा आसान नहीं रही है, वहीं इसकी शुरुआत तक पहुंचने के लिए भी उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि उनका इरादा शुरू से अपना कुछ बनाने का था, लेकिन इस लक्ष्य की ओर जाने का कोई रास्ता उनके सामने मौजूद नहीं था। लिहाजा, उन्हें अपनी राह खुद बनाने का विकल्प चुनना पड़ा। 2013 में ट्रैक्सनकी स्थापना से पहले उन्हें कंसल्टिंग से लेकर वेंचर कैपिटल इन्वेस्टिंग तक काफी कुछ करना पड़ा। लेकिन अब ट्रैक्सनमें 11 साल के अपने अनुभव की बदौलत वह नई उम्र की लड़कियों को आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि ऊंचे सपने देखने में कभी संकोच मत करो, तुम खुद यह देखकर हैरान हो जाओगी कि तुममें कितना कुछ कर गुजरने की, कितना कुछ हासिल करने की क्षमता है।

रास्ते में चुनौतियां तो आती ही हैं, उनकी राह में भी कम नहीं आईं। लेकिन जो चीज सबसे ज्यादा मददगार साबित हुई, वह थी समस्या को हल करने के नजरिए से देखने की आदत। उन्होंने शुरू में ही अपने दिमाग को इस रूप में ढाल लिया था कि जब भी कोई समस्या सामने आती, उनकी नजर इस बात पर नहीं जाती कि यह कितनी बड़ी बाधा है, मन में जिज्ञासा यह आती कि इसे हल कैसे किया जा सकता है। उनका कहना है कि बतौर लीडर आपकी सबसे बड़ी परीक्षा यह होती है कि आप अपने इर्दगिर्द प्रतिभाशाली लोगों को इकट्ठा कर पाते हैं या नहीं। इसके लिए पहली जरूरत है अपनी कमजोरियों को पहचानने की, तभी आप उन लोगों को तलाशेंगे, जिनमें वह ताकत है जो आपमें नहीं। मगर यह काम एक दिन का नहीं है। इसीलिए यह याद रखना भी उतना ही जरूरी है कि उद्यमिता सौ या पचास मीटर की दौड़ नहीं मैराथन है, जिसमें जल्दबाजी से कुछ हासिल नहीं होना। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज लाभ का दिन है और आपके लिए धन में वृद्धि के शुभ योग बन रहे हैं। कारोबार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपके लिए भौतिक विकास के अच्छे योग हैं और आपके सुख में वृद्धि के योग हैं। आपको शाम के वक्त शुभ कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपको सामाजिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

### वृषभ

आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के शुभ योग आपके लिए बन रहे हैं और आपको किसी कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में आपके लिए स्थान परिवर्तन के शुभ की योजना सफल हो सकती है। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आपके लिए शुभ लाभ के संयोग बने हैं।

### मिथुन

आज दिन काफी रचनात्मक है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आप किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा कर पाने में सफल होंगे और आपके आनंद में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वह करने को मिलेगा।

### कर्क

आज दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### सिंह

आज दिन सफलता से भरा होगा। धर्म आध्यात्म के मामले में लाभ होगा और आपको पढ़ाई लिखाई के मामले में लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा। आप जीवन में नई योजनाएं लागू होंगी।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपसी वार्ता व्यवहार में संयम और सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से किसी मामले में बहस करने से बचें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात के वक्त आपकी स्थिति सुधरेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### तुला

आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। आपका जीवन सफलता से भरा होगा। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

### वृश्चिक

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और दिन काफी मजबूत रहेगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति रहेगी और भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु

आज दिन रुपये-पैसे के मामले में थोड़ा लाभ होगा। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### मकर

आज दिन लाभ से भरा होगा। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू सुनहरा मौका है। पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से परेशानी बढ़ सकती है। आपके हाथ से आज फालतू खर्च काफी बढ़ सकता है।

### कुंभ

आज करियर के मामले में सावधान रहने का समय है। आपके धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होंगी। आपके कार्य सफल होंगे और योजनाएं सफन होंगी। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरए। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझ कर करें। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मीन

आज लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर रचा इतिहास

# सोशल मीडिया पर पार किया 1 अरब फॉलोअर्स का आंकड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल और अल नस्र के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रच दिया। वह सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक अरब फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार 13 सितंबर 2024 की तड़के सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इस उपलब्धि को साझा किया। 39 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर पहले से ही दुनिया भर में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

639 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना हुआ है। यह संख्या दुनिया की आबादी का लगभग 8% है। रोनाल्डो के फेसबुक पर 170.5 मिलियन और X (एक्स/पूर्व में ट्विटर) पर 113 मिलियन फॉलोअर्स हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने X पर लिखा, 'हमने इतिहास रच दिया है- 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या से कहीं ज्यादा है- यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है। मदीरा की गलियों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हम 1 बिलियन लोग एक साथ खड़े हैं। आप सभी उतार-चढ़ावों के दौरान हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं।'

रोनाल्डो ने लिखा, 'यह यात्रा हमारी यात्रा है, और साथ मिलकर हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। मुझ पर विश्वास करने, आपके समर्थन के



लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद। सबसे अच्छा अभी आना बाकी है, और हम आगे बढ़ते रहेंगे, जीतते रहेंगे और साथ मिलकर इतिहास रचते रहेंगे।'

**आठ जुलाई 2024 को लॉन्च किए गए रोनाल्डो के यू ट्यूब**

चैनल पर 60 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इसमें से 50 मिलियन पहले हफ्ते में ही जुड़ गए, जो एक रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि रोनाल्डो को 1 बिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाला पहला इंसान बनाती। इस संख्या तक उनके साथी फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी या अमेरिकी एक्ट्रेस सेलेना गोमेज, अमेरिकी मीडिया पर्सनालिटी, सोशलाइट और बिजनेसवुमन काइली जेनर और ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन जैसी अन्य हस्तियां अब तक पहुंच नहीं पाई हैं।

**कमाई के मामले में भी हैं 'टॉप' पर**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीट्स में भी एक हैं। उन्होंने 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल-नस्र से करार के जरिये 215 मिलियन डॉलर और विज्ञापनों से 60 मिलियन डॉलर कमाए। एक अनुमान के मुताबिक, 2024 के अंत तक उनकी कुल कमाई 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगी। इससे वह माइकल जॉर्डन और टाइगर वुड्स के बराबर आ जाएंगे।

**ओलंपिक्सः**



### भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने किया खुलासा

# आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरमिलन पिछले साल चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम की स्टार खिलाड़ियों में से एक थीं जब उन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर में दो पदक जीते थे। हालांकि इस पूरे सत्र में वह चोटों से परेशान रहीं जिससे पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं।

भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। मध्यम दूरी की धाविका हरमिलन हाल ही में संपन्न हुए पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले सकी थी जिसका उन्हें काफी अफसोस था। एशियाई खेलों में दो बार पदक जीत चुकीं हरमिलन अब मॉडलिंग जैसे दूसरे करियर विकल्प की तलाश कर रही हैं।

हरमिलन पिछले साल चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम की स्टार खिलाड़ियों में से एक थीं जब उन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर में दो पदक जीते थे। हालांकि इस पूरे सत्र में वह चोटों से परेशान रहीं जिससे पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं। इस समय उन्हें हैमस्ट्रिंग टियर है और उन्होंने स्वीकार किया कि उनका एथलेटिक्स करियर अनिश्चित है।

वह सर्जरी करवा सकती हैं और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। इस साल की शुरुआत में उन्हें टखने की चोट लगी थी जिसे ठीक होने में पांच हफ्ते लगे थे। जून में उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हुआ जो बाद में एक टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के बाद बढ़ गया। हरमिलन ने कहा, मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेना चाहती थी और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। लेकिन लगातार चोटें लगीं और इससे मेरा प्रदर्शन प्रभावित हुआ। पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले पाने के बाद मैं अवसाद में थी, मैं कुछ भी नहीं सोच पा रही थी। यहां तक कि आत्महत्या करने का विचार भी मेरे दिमाग में आया और मैं खेल छोड़ना चाहती थी। हरमिलन ने कहा, मैं इतनी हताश थी कि मैं अंक अर्जित करना चाहती थी और ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना चाहती थी। इस कारण मैंने चोट के साथ एक रेस में भाग लिया। यह शुरू में ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग टियर था लेकिन अब यह ग्रेड 2बी है, मतलब यह करीब ग्रेड 3 है।

मैं एक और स्कैन करवाऊंगी और फिर सर्जरी के बारे में फैसला करूंगी। किसी भी स्थिति में मैं अगले नौ महीनों तक प्रतियोगिता के लिए शुरुआत नहीं कर पाऊंगी। इसलिए मैं लंबे समय तक प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं कर पाऊंगी।

**एटसीटी हॉकीः**

## आज भारत-पाकिस्तान के बीच होगी भिड़ंत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय हॉकी टीम का आज पाकिस्तान से सामना होगा। एथियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बहु प्रतिक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में भारत अपना दबदबा कायम रखने के लिए उतरेगा। लगातार चार मैचों में जीत दर्ज कर चुकी भारतीय सेना अंक तालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है।

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलयेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। अब टीम की नजर पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले पर है। वहीं, पाकिस्तानी टीम ने मलयेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1 और चीन को 5-1 से हराया है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

**भारत-पाकिस्तान हेड टु हेड**

मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की थी।

# युवराज सिंह ने बताया रोहित के साथ वो जीवन भर बैटिंग करना चाहेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व स्टार भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह से पूछा गया कि वह किस बल्लेबाज के साथ जीवन भर बल्लेबाजी करना चाहेंगे। इसका जवाब देते हुए युवी ने सचिन तेंदुलकर या फिर विराट कोहली का नाम नहीं लिया जो क्रिकेट के दो बेस्ट बल्लेबाज माने जाते हैं या फिर उन्होंने एमएस धोनी का भी नाम नहीं लिया जिनके साथ वो कई यादगार पारियां खेल चुके हैं। युवी ने इसके लिए भारतीय टीम के मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा का नाम लिया।



युवराज सिंह और रोहित शर्मा के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है। दोनों को अक्सर एक-दूसरे को चिढ़ाते हुए देखा जाता है और साथ ही वे एक-दूसरे के साथ खूब मस्ती भी करते हैं। उन्होंने साथ में काफी क्रिकेट भी खेला है और टीम के हित लिए कई बेहतरीन काम किए हैं। रोहित शर्मा के बुरे समय में युवराज सिंह हमेशा उनके साथ रहे हैं। जब 2011 में उन्हें भारत की विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया था, तब भी इस ऑलराउंडर ने हिटमैन का साथ दिया था।

युवराज सिंह उन्हें डिनर पर ले गए थे, जिससे उन्हें इस झटके से उबरने में मदद मिली थी। उन्होंने हाल ही में इस साल की शुरुआत में एक बातचीत में रोहित को अपना सबसे करीबी दोस्त भी बताया था।

युवराज सिंह को भारत के बेस्ट ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है जो टीम के लिए बड़े मैच विजेता रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए बल्ले व गेंद दोनों के साथ बेस्ट प्रदर्शन किया था।

### इस जज्बे को सलाम है...

# टूटे पैर से टीम को दिलाई जीत, लंगड़ाते हुए मैच में बनाए दिए 178 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के खेल में कुछ भी हो सकता है... ऐसा अक्सर कहा जाता है। खेल कब किस ओर पलट जाए कोई नहीं बता सकता। ऐसा ही कुछ हुआ काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन-2 के एक मुकाबले में, जिसमें समरसेट के लिए खेलने वाले टॉम बेंटन ने ऐसा कुछ कर दिखाया, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। बेंटन ने टूटे हुए पैर के साथ दर्द कराहते हुए अपनी टीम के लिए मैदान पर उतरे और बल्लेबाजी की, जिससे समरसेट को जीत मिली।




बेंटन ने क्रिकेट के लिए जो समर्पण दिखाया है उसके लिए हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है। बेंटन जब अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी करने आ रहे थे, तो वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। दर्द से कराहते हुए बेंटन एक पैर पर खड़े होकर सरे के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा कर रख दी। सरे के खिलाफ जब समरसेट की टीम ने जीत हासिल की तो बेंटन बैसाखी के सहारे अपने साथी खिलाड़ियों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उनके चेहरे पर जो खुशी दिख रही थी, उससे उनके सारे दर्द गायब हो गए। बेंटन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा है और उनकी तारीफ भी हो रही है।

**बेंटन ने मैच में बनाए 178 रन**

सरे के खिलाफ मुकाबले में बेंटन कुल 178 रन बनाए। उन्होंने अपनी टीम के लिए पहली पारी में 132 रन बनाए थे, जिसमें 16 चौके और 1 छक्का शामिल था। इस पारी के बाद वे वॉर्म अप के समय फुटबॉल खेलते हुए उनके टखने में चोट लग गई थी। ऐसे में उनका बल्लेबाजी करना मुश्किल था, लेकिन दूसरी पारी में जब समरसेट लड़खड़ा गई तो टूटे हुए पैर के साथ उन्होंने बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

एक समय समरसेट की टीम 153 रन के स्कोर अपने 9 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन बेंटन गजब का हौसला दिखाते हुए 11वें नंबर बैटिंग करने उतरे और 46 रनों की दमदार पारी खेली।

# दुनिया के सबसे दमदार बॉडीबिल्डर की मौत

### महज 36 साल की उम्र में हार्ट अटैक से गई जान

**लंदन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे ताकतवर बॉडीबिल्डर के नाम से मशहूर इलिया गोलेम येफिमचिक का 36 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें छह सितंबर को अस्पताल ले जाया गया था, जहां वह कोमा में चले गए थे। कुछ दिनों बाद 11 सितंबर को उनकी मौत हो गई।

स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि हार्ट अटैक आने के बाद एंबुलेंस के आने का इंतजार करते हुए उनकी पत्नी एना ने छाती को कम्प्रेस भी किया था। बाद में उन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। एना ने स्थानीय मीडिया को बताया, मैंने इस पूरे समय प्रार्थना करती रही। मैंने हर दिन उनके



साथ बिताया। उनका दिल दो दिनों तक धड़का, लेकिन डॉक्टर ने मुझे एक भयानक खबर दी कि उनके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया था। मैं संवेदना व्यक्त करने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करती हूं। यह महसूस करना दिल को छू लेने वाली है कि मैं इस दुनिया में अकेली नहीं रह गई हूं। इतने सारे लोगों से मुझे मदद और समर्थन मिल रहा है।

इलिया ने कभी भी किसी प्रोफेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन इस बेलारूसी बॉडी बिल्डर की सोशल मीडिया फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा था। उन्होंने नियमित रूप से अपने फैंस के साथ वीडियो साझा किए। उन्हें द म्यूटेंट उपनाम भी मिला। जानकारी के मुताबिक, इलिया दिन में सात बार खाना खाते थे और अपने शरीर को बनाए रखने के लिए 16,500 कैलोरी से कंज्यूम करते थे। इसमें 2.5 किलोग्राम स्टेक और सुशी के 108 टुकड़े शामिल थे। उनका वजन 340 पाउंड था और वह 6 फीट एक इंच लंबे थे।

# काउंटी में चमका माइकल वॉन का बेटा आर्ची, चटकाए 6 विकेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची भी काउंटी चैंपियनशिप में धमाल मचाते नजर आ रहे हैं। अर्ची ने डिवीजन वन मैच में समरसेट के लिए खेलते हुए सरे के खिलाफ मुकाबले में 6 विकेट लिए हैं। उन्होंने रोरी बर्न्स, बेन फॉक्स की महत्वपूर्ण विकेट निकालीं।



यह आर्ची का दूसरा काउंटी मैच था। उन्हें इंग्लैंड की अंडर 19 टीम में भी चुना गया है। उनके साथ इंग्लैंड के पूर्व ऑलराऊंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी का नाम भी आता है। आर्ची ने अगस्त में डरहम के खिलाफ प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था। तब कमेंट्री बॉक्स में माइकल वॉन ने गर्व महसूस होने की बात की थी। वॉन ने कहा कि यह वर्षों में क्रिकेट मैदान पर उनकी सबसे अधिक घबराहट थी।

आर्ची ने उक्त मुकाबले की पहली पारी में 30 तो दूसरी में 16 रन बनाए। उन्होंने 3 विकेट भी लिए। अप्रैल 2024 में आर्ची ने हेडिंग्ले में यॉर्कशायर सेकेंड-इलेवन के खिलाफ जैक लीच के साथ समरसेट की सेकेंड-इलेवन के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत की और 61 रन बनाए थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## कोचों को लगता था कि मैं अपना समय बर्बाद कर रहा हूं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आवास पर मिलने के दौरान भारतीय पैरा-एथलीट कोच सत्यपाल सिंह ने खुलासा किया कि नेहरू स्टेडियम के कोच सोच रहे थे कि मैं पैरा एथलीस्ट पर अपना समय बर्बाद कर रहा हूं। भारत ने पेरिस में पैरालंपिक खेलों इतिहास रचते हुए कुल 29 मैडल अपने नाम किए जिसमें 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रांन्ज मैडल शामिल थे। इस उपलब्धि ने टोक्टो 2020 के पैराअंलिपक खेलों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया जिसमें भारत ने 5 गोल्ड सहित कुल 19 मैडल अपने नाम किए थे।

सत्यपाल ने पीएम मोदी से बातचीत में कहा, साल 2005-06 में मैंने पैरा-एथलीस्ट को ट्रेनिंग देनी शुरू की। जब मैं नेहरू स्टेडियम में ट्रेनिंग देते जाता था तो अंग की कमियां वाले एक-दो एथलीस्ट्स थे। मैंने देवेंद्र के बारे में सुना और देखा, जिसने पैरालंपिक्स 2004 में गोल्ड जीता था। वहीं से मैंने पैरा स्पोर्ट्स के बारे में पढ़ा और धीरे-धीरे ट्रेनिंग शुरू की।

उन्होंने कहा, नेहरू स्टेडियम में सभी कोच मुझे अजीब तरह से देखते थे, आश्चर्य करते थे कि मैं दीपा मलिक जी की व्हीलचेयर क्यों धकेल रहा हूं या अंकुर धामा का हाथ पकड़कर उन्हें स्टेडियम में क्यों ला रहा हूं, और मैं पैरा-एथलीटों को क्यों प्रशिक्षित कर रहा हूं। उन्हें लगता था कि मैं अपना समय बर्बाद कर रहा हूं। आज वही कोच जो मेरी आलोचना करते थे, अब पैरा-एथलीटों को प्रशिक्षित करना चाहते हैं।

## बगैर टॉस के ही रद्द हुआ अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड का टेस्ट, बारिश ने कर दिया सत्यानाश

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला इकलौता टेस्ट बारिश की भेंट चढ़ गया. बारिश के कारण मुकाबला बिना टॉस के ही रद्द हो गया. यह मैच 09 से 13 सितंबर के बीच भारत के ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड, ग्रेटर नोएडा में खेला जाना था, लेकिन बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया. मुकाबले के पहले दिन बारिश नहीं हुई थी बल्कि सिर्फ ग्राउंड गीला था. फिर दूसरे दिन भी ऐसा ही हुआ. दूसरे दिन भी मैच के वक्त बारिश नहीं हुई. हालांकि उससे एक रात पहले तेज बारिश के कारण पूरा ग्राउंड गीला हो गया था. तीसरे दिन भी यही सिलसिला चला. फिर चौथे दिन हल्की बारिश ने मैच वक्त दस्तक दी. इस तरह मुकाबले के चार दिन बिना टॉस के ही रद्द हो गए. फिर पांचवें दिन भी बारिश ने मैच शुरू नहीं होने दिया और अंततः अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच इकलौते टेस्ट को बिना टॉस के ही रद्द करना पड़ा.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से सोशल मीडिया के जरिए मुकाबले के रद्द होने की जानकारी साझा की गई. बोर्ड की तरफ से एक्स पर लिखा गया, ग्रेटर नोएडा में लगातार बारिश के कारण बहुप्रतीक्षित अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया.

# मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण कार्यवाही के संबंध में दी जानकारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राजनैतिक दल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार वर्तमान में संचालित गतिविधियों सहित जिले के मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण कार्यवाही के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। साथ ही आयोग के निर्देश पर जिले में क्रियान्वित फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के शुद्धीकरण कार्य व उप निर्वाचन अंतर्गत सम्पन्न मतदान व 13 एवं 15 सितम्बर को होने वाली मतगणना प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।




जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार ने बताया कि आगामी मतदान में मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत वर्तमान में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण का कार्य प्रचलित है। आयोग के जारी निर्देश अनुसार मतदाता संख्या, दूरी व भवन की स्थिति इत्यादि के आधार पर मतदान केन्द्रों के संबंध में प्राप्त अंतिम सहमति उपरांत आयोग को युक्तियुक्तकरण संबंधी आवश्यक प्रस्ताव भेजा जाएगा। विसंगति दूर करने के लिए सेक्टर अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण व रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही सहित इसकी पूरी प्रक्रिया से राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।

कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया किया गया है। आगामी 20 सितम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इस कार्य में बूथ लेवल एजेंट द्वारा मतदाता सूची का अवलोकन कर त्रुटि सुधार सहित नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन एवं दोहरी प्रविष्टि हटाने की कार्यवाही में आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई। बताया गया कि वर्तमान में जिले में 7 लाख 72 हजार से अधिक मतदाता हैं। इस दौरान अर्हता तिथि पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में जोडे जाएंगे। साथ ही नाम व उम्र की त्रुटि व अन्य जिले अथवा प्रदेश में नाम दर्ज होने पर संशोधन भी कराया जा सकता है। आगामी दिनों में मतदान केन्द्रों पर बीएलओ की उपलब्धता व नवम्बर माह में आयोजित होने वाले विशेष शिविरों तथा दावा-आपत्ति निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक भवन परिवर्तन व संशोधन के कुल 94 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें पवई विधानसभा के 20, गुनौर के 21 और पन्ना के सर्वाधिक 53 प्रस्ताव हैं। इसी तरह समस्त तीन विधानसभा में नवीन मतदान केन्द्र स्थापना के 26 तथा अनुभाग परिवर्तन के 19 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आयोग के निर्देशों के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर और अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। बैठक में राजनैतिक दल के अध्यक्ष सहित नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठ का गठन

**पन्ना**

शनिवार, 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय पन्ना अंतर्गत 11 खण्डपीठ का गठन किया गया है। पन्ना सहित पवई तहसील न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार ने बताया कि जिला न्यायालय पन्ना में आठ खण्डपीठ एवं तहसील न्यायालय पवई में तीन खण्डपीठ गठित की गई है, जिसके तहत प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पन्ना रूपेश शर्मा की खण्डपीठ क्रमांक 1, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना अयाज मोहम्मद की खण्डपीठ क्रमांक 2, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना इन्द्रजीत रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 3, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार की खण्डपीठ क्रमांक 4, जेएमएफसी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड शिवराज सिंह गवली की खण्डपीठ क्रमांक 5, जेएमएफसी एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मोहित बड़के की खण्डपीठ क्रमांक 6, जेएमएफसी एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड इकरा मिनिहाज की खण्डपीठ क्रमांक 7 और चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड प्रीतम शाह की खण्डपीठ क्रमांक 8 रहेगी। इसी तरह पवई तहसील के लिए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया की खण्डपीठ क्रमांक 9, जेएमएफसी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कृष्णपाल सिंह सिसोदिया की खण्डपीठ क्रमांक 10 तथा जेएमएफसी एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 11 गठित की गई है।

समस्त खण्डपीठों में राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण होगा। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग, सभी बैंकों के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल, समस्त नगरीय निकायों के जल व संपत्ति कर से संबंधित समस्त मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। इसके लिए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए जा चुके हैं। किन्हीं कारणोंवश सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी पक्षकार नेशनल लोक अदालत दिवस पर न्यायालय में उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। समस्त पक्षकार व आमजनों से 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामा के जरिए प्रकरण निराकृत कराने तथा इसके माध्यम से प्राप्त होने वाली छूट व न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

# बृजपुर में पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया




**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आज बृजपुर में पोषण जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों को मोटे अनाज मक्का, कोंदो, ज्वार बाजरा, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मेथी, पालक, बथुआ, नोनियां इत्यादि की भाजी, करोंदा, कैथा, आंवला की चटनी, मूली, टमाटर आदि की सलाद तथा परंपरागत बुन्देली व्यंजन जैसे डुबरी, महेरी, मुर्का, चीला को भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई। इसके अलावा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 40 बच्चों, 6 गर्भवती माताओं तथा 15 किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और एनीमिक हितग्राहियों को दवा वितरित कर विशेष परामर्श भी प्रदान किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में अव्वल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर सहित परियोजना अधिकारी पन्ना ग्रामीण अशोक विश्वकर्मा, डॉ. अनूप सोनी, एएनएम, परिक्षेत्र पर्यवेक्षक करूणा अवस्थी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

# सागर में होने वाले क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में उद्योगपति जरूर शामिल हों : संभागायुक्त

## छतरपुर में संपन्न हुई बैठक में निवेशकों से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने की अपील

**पन्ना।** सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने गत बुधवार को छतरपुर के जिला पंचायत सभाकक्ष में छतरपुर एवं पन्ना जिले के अधिकारियों एवं उद्यमियों के साथ बैठक की। इस मौके पर एमपीआईडीसी द्वारा आगामी 27 सितंबर को सागर में आयोजित होने वाले क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन (रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव) की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में पवई विधायक प्रहलाद लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं कलेक्टर सुरेश कुमार भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का उद्देश्य जिलों में उद्योग से संबंधित संभावनाओं के दृष्टिगत




उद्योगपतियों को मंच प्रदान करना है। साथ ही मुख्य रूप से एमएसएमई सेक्टर की छोटी इकाईयों को बढ़ावा देना है।

संभागायुक्त डॉ. रावत ने व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को सागर में होने वाले क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि औधोगिक विकास को प्राथमिकता से गतिशील बनाने की ओर विशेष प्रयास शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे जिला स्तर पर निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। इस दौरान सभी से सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

संभागायुक्त डॉ. रावत ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अधिक से अधिक निवेशक एमपीआईडीसी की वेबसाइट के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करायें। इसके लिये उन्होंने क्यूआर कोड व लिंक जारी कर अपेक्षा व्यक्त की कि स्थानीय लोगों की इच्छा शक्ति से यह कॉन्क्लेव अवश्य सफल होगा। उन्होंने कहा कि एमपीआईडीसी द्वारा 27 सितंबर 2024 को पीटीसी ग्राउंड में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मिनरल्स, ओर, एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग, एग्रो फूड, ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किये जाएंगे। साथ ही जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में उद्योग सुविधा केन्द्र की स्थापना होगी, जिससे एकल खिड़की के माध्यम से उद्योग संबंधी समस्या का निवारण हो सकेगा। उन्होंने उपस्थित सदस्यों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि म.प्र. सरकार उक्त सभी उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल निर्मित कर रही है, जिससे कि स्थानीय वेंडर्स को व्यवसाय करने के लिए पर्याप्त अवसर मिले और रोजगार के अवसर बढ़ें।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन 31 अक्टूबर तक

**पन्ना।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दिव्यांग विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए तीन योजनाएं संचालित की गई हैं, जिसके तहत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। प्री मैट्रिक कक्षा 9 एवं 10, पोस्ट मैट्रिक कक्षा 11 से स्नातकोत्तर एवं टॉप क्लास चिन्हांकित संस्थाओं से स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु पूर्व में जारी की गई तिथियों में संशोधन किया गया है। अब प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति 30 सितंबर तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति के आवेदन की तिथि 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है।

# गरीब किसान को मिला 32.80 कैरेट वजन का दुर्लभ हीरा

## नायाब हीरे की अनुमानित कीमत दो से ढाई करोड़ रुपये

**पन्ना।** देश और दुनियां में बेशकीमती हीरों के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में आज एक गरीब मजदूर को सरकोहा गाँव की उथली हीरा खदान में 32.80 कैरेट वजन का दुर्लभ बेशकीमती हीरा मिला है। जेम क्वालिटी वाले इस हीरे की अनुमानित कीमत करोड़ों में आंकी जा रही है। हीरा धारक स्वामीदीन पाल आज अपने परिवार के साथ जिला मुख्यालय में संयुक्त कलेक्ट्रेट स्थित हीरा कार्यालय पहुंचा और हीरे का वजन करवाकर उसे विधिवत हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है। हीरा



अधिकारी रवि पटेल ने बताया कि हीरा धारक स्वामीदीन पाल ने हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाकर करीब चार माह पूर्व खदान लगाई थी। स्वामीदीन खेती-किसानी व मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था, इसके साथ ही हीरे की खदान भी लगाया करता था। इस भाग्यशाली खेतिहर मजदूर ने बताया कि वह सरकोहा गाँव में स्थित खुद की जमीन में चार माह पूर्व गर्मियों में हीरा खदान का पट्टा बनवाकर खुदाई शुरू की थी। उसे विश्वास था कि उसे बड़ा हीरा जरूर मिलेगा और आज दोपहर लगभग 12 बजे जब वह हीरा धारित चाल की धुलाई कर रहा था, उसी समय उसे यह हीरा मिला। इतना बड़ा बेशकीमती हीरा मिलने के बाद से स्वामीदीन और उसका परिवार बेहद खुश है। उसका कहना है कि अब तक हमने कठिन जिंदगी जी है, हीरा मिलने के बाद सारे कष्ट व परेशानी दूर हो जाएगी।

# थोक विक्रेता तीन हजार टन तक कर सकता है गेहूँ का भण्डारण

**पन्ना**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूँ की उचित मूल्य पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यापारियों को गेहूँ के स्टॉक की सीमा तय कर दी गयी है। इस नई व्यवस्था में 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए व्यापारी व थोक विक्रेता 3 हजार टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकता है। रिटेलर, प्रत्येक रिटेलर आउटलेट के लिए 10 टन और उनके सभी डिपो के लिए 3 हजार टन का गेहूँ का स्टॉक रख सकेगा।

इसके अलावा प्रत्येक व्यापारी को धारित स्टॉक की घोषणा नियमित रूप से भारत सरकार, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर करना होगी। कोई भी व्यापारी निर्धारित सीमा से अधिक गेहूँ का स्टॉक क्रय, विक्रय एवं विक्रय के लिए भण्डारित नहीं करेगा। गेहूँ के स्टॉक और परिवहन के लिए उपयोग किये जाने वाले वाहन की कभी भी जाँच की जा सकेगी।

# जिले में 985.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में एक जून से 12 सितम्बर 2024 तक 985.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष उक्त अवधि में 910.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। पन्ना जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 910.6 मिमी, देवेन्द्रनगर में 690.8 मिमी, गुनौर में 777.3 मिमी, अमानगंज में 1085.2 मिमी, पवई में 1391 मिमी, सिमरिया में 1184.1 मिमी, शाहनगर में 926.2 मिमी, रैपुरा में 1112.8 मिमी और अजयगढ़ में 789.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। आज सर्वाधिक वर्षा रैपुरा में 36.1 मिमी और सबसे कम गुनौर में 15 मिमी दर्ज की गई, जबकि पन्ना में 20 मिमी, देवेन्द्रनगर में 18 मिमी, अमानगंज में 26.3 मिमी, पवई में 20 मिमी, सिमरिया में 30.2 मिमी, शाहनगर में 27 मिमी और अजयगढ़ में 19.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# देवेंद्रनगर के पास मरहा मोड पर बस पलटी 20 घायल 3 रेफर

**देवेंद्रनगर।** थाना क्षेत्र में 12 सितंबर को दोपहर लगभग 3 बजे देवेंद्रनगर से पन्ना रोड पर मरहा मोड के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। पन्ना से सतना जाने वाली प्राची कोच बस एमपी 16पी0210 है, पलट गई हादसे के समय बस में 40 से 50 यात्री सवार थे। रोड की पटरी में मिट्टी की वजह से बस पलटी, बस की स्पीड ज्यादा थी जिससे अफरा-तफरी मच गई हादसे में करीब 20 यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन घायल यात्रियों को पन्ना भेजा गया जिनमें हार बाई गांधर्व (82 वर्ष, अजयगढ़), प्रेमलता विश्वकर्मा (50 वर्ष, छतरपुर), और संतोष सेन (23 वर्ष, ग्राम ऊंचेरा) शामिल हैं, अन्य घायलों का इलाज देवेंद्रनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है, जहां डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा उनकी देखभाल की जा रही है पुलिस और प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया ने घायलों को राहत प्रदान की। आरक्षक दिलीप शर्मा ने स्थानीय निवासियों की



मदद से बस में फंसे लोगों को निकाला और निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाया।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस चालक ने मरहा मोड पर ओवरटेक के दौरान स्पीड बढ़ा दी, जिससे बस पलट गई। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ अन्य मौजूदा समस्याओं में बसों के परमिट का संक्षिप्त समय और ज्यादा सवारी पाने की होड़ भी शामिल है, जिससे चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं और ओवरटेक करते हैं। इन स्थितियों की वजह से सड़क पर गंभीर हादसे हो रहे हैं देवेंद्र नगर और आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के मुद्दे और मोड़ों पर अतिक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

*घटना के बाद गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल चाल जाना और उनके इलाज के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन और प्रशासन से उचित कदम उठाने की बात की।*

**गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा**

*घटना के संबंध में बताया कि घायलों को शीघ्र ही उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है जिनका उपचार जारी है।*

**प्रभारी तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत**

*लगभग 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें पन्ना जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।*

**सीबीएमओ डॉक्टर अभिषेक जैन**

# गुनौर में महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



**पन्ना।** वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय पन्ना द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता अभियान हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के तहत गुनौर विकासखण्ड के वार्ड क्रमांक 9 एवं शासकीय कन्या हाईस्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महिलाओं और बालिकाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व साइबर क्राइम में कानूनी सहायता प्राप्त करने तथा वन स्टॉप सेन्टर के हेल्पलाइन नंबर के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान सखी सेन्टर की प्रशासक कविता पाण्डेय, केस वर्कर मीरा लोधी, शिवानी शर्मा, सत्या थापक द्वारा जागरूक किया गया।

# पवई के ग्राम पटोरी में उल्टी दस्त से चार बच्चों की मौत

**पवई।** जनपद पंचायत पवई पुलिस थाना पवई अन्तर्गत ग्राम पटोरी में (फूड प्वाइजनिंग) उल्टी दस्त की बीमारी से चार लोगों की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है की ग्राम पटोरी के आदिवासी मोहल्ला में 10 सितंबर 2024 मंगलवार को अखिलेश पिता शंभूदीन उम्र 7 वर्ष की मौत हो गई थी उसके बाद 11 सितम्बर 2024 बुधवार को रात्रि में एक ही परिवार मुन्नीलाल आदिवासी के पुत्र अशोक उम्र 14 वर्ष, कु0 उपासना 11 वर्ष एवं कु0 सीमा 06 वर्ष की उल्टी दस्त से मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पवई एवं स्वास्थ्य विभाग पन्ना को घटना की जानकारी लगते ही स्वास्थ्य टीम आवश्यक संसाधन दवाइयों के साथ मौके पर पहुंची और आवश्यक उपचार देते हुए उल्टी दस्त से बीमार लगभग एक दर्जन लोगों को जननी सुरक्षा वाहन एवं अन्य वाहनों के माध्यम से बीमार जारु आदिवासी पिता गोंडा आदिवासी उमृ 50 वर्ष , बती बाई पिता बीरन




आदिवासी उमृ 13 वर्ष, श्रीमती गेंदा बाई पति हल्के प्रजापति उम्र 55 वर्ष ,कु0 बेटी बाई पिता मनसुख आदिवासी उम्र 12 वर्ष , कु0 मोगिली पिता मनसुख वआदिवासी उम्र 9 वर्ष, कु0 हसीना पिता मनसुख आदिवासी उम्र 14 वर्ष, बुधिया बाई पति दयाली आदिवासी उम्र 60 वर्ष, मयकी बाई पति बलकिसना आदिवासी उम्र 60 वर्ष, श्रीमती अवध बाई/राजवीर आदिवासी उमृ 25 वर्ष, श्रीमती रेखा बाई पति राजपाल उम्र 20 वर्ष, कु0 हसीना पिता सूरज आदिवासी उम्र 01 वर्ष, करन पिता मोटू आदिवासी उम्र 09 वर्ष को स्वास्थ्य केंद्र पवई लाया गया जहां इलाज जारी है। खंड चिकित्सा अधिकारी पवई विवेक कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम पटोरी में अभी भी स्वास्थ्य कार्यकर्ता भ्रमण पर हैं और जो भी उल्टी दस्त आदि से ग्रसित समझ में आते हैं उनके इलाज की व्यवस्था हेतु ग्राम में है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बीमार लोगों के भोजन एवं पानी के सैंपल लिए गए है। इस घटना से ग्राम पटोरी एवं पवई क्षेत्र में मातम एवं शोक का माहौल व्याप्त है। जन चर्चा से जानकारियां प्राप्त हुई है कि फूड प्वाइजनिंग अमानक या बासी भोजन के उपयोग आदि के कारण उल्टी दस्त की समस्याएं बनी है। लिए गए भोजन एवं पानी के सैंपल की जांच का परिणाम आने के बाद पता चलेगा कि चार बच्चों की मौत एवं अन्य के बीमार होने का कारण क्या है। सूत्रों से पता चला है कि लगभग 20 दिनों से 108 स्वास्थ्य वाहन खराब पड़ा है अगर 10 सितंबर से ही गांव में उपचार की व्यवस्था दी गई होती तो शायद शेष 03 जो 11 तारीख को मौतें हुई है उनको बचाया जा सकता था। खराब 108 वाहन समय से ठीक क्यों नहीं कराया गया यह प्रशासन की बड़ी चूक है। चार आदिवासी बच्चों की मौत की घटना पवई से मात्र 08 किलोमीटर दूर मेंन रोड पर स्थित ग्राम पटोरी की है इसलिए व्यवस्थाएं जैसे तैसे हो गई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शनिवार 14 सितम्बर 2024

8




कमिश्नर कार्यालय रीवा में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिलों के आबकारी अधिकारी शराब की अवैध बिक्री और परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें।

## त्यौहारों में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करें : कमिश्नर

### कमिश्नर और आईजी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुरक्षा की समीक्षा की

रीवा



रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व और पुलिस अधिकारियों को आगामी त्यौहारों में सुरक्षा के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि रीवा संभाग शांतिपूर्ण संभाग है। यहाँ सभी समुदाय मिलकर त्यौहार मनाते हैं। आगामी 16 सितम्बर को ईद मिलादउन्नवी तथा 17 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इन त्यौहारों में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करें। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आवश्यक होने पर वन विभाग, होमगार्ड तथा अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात करें। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जुलूस परंपरागत रूप से निर्धारित मार्ग पर ही निकलने की अनुमति दें। प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्धारित स्थल पर कराएं। विसर्जन स्थल पर तैराक, नाव, प्रकाश, एंबुलेंस सहित अन्य सुरक्षा के प्रबंध करें। अतिवृष्टि की स्थिति में बाढ़ से राहत और बचाव के लिए भी सजग रहें। संभाग में अभी कहीं बाढ़ की स्थिति नहीं है लेकिन हमें इसके लिए तैयार रहना है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आईजी महेन्द्र सिंह सिकरवार ने कहा कि जिला और अनुभाग स्तर पर राजस्व तथा पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण करें। जुलूस में सुरक्षाकर्मी अनिवार्य रूप से तैनात रहें। सभी स्थानों में फ्लैग मार्च और प्रात: कालीन गश्त कराएं। सोशल मीडिया में भी लगातार कड़ी निगरानी रखें। भ्रामक समाचार और उत्तेजक कंटेंट देने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करें। त्यौहारों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न संगठनों और समुदाय प्रमुखों से लगातार संवाद रखें। सभी त्यौहार सुरक्षा और शांतिपूर्वक संपन्न हो जाएंगे। डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने भी त्यौहारों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एडीएम, एसडीएम, एडिशनल एसपी, एसडीओपी शामिल रहे।

## कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक सेवा केन्द्र के आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण न किये जाने पर तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने तहसीलदार जवा राजेन्द्र शुक्ला एवं तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान सुमित गुप्ता तथा प्रभारी सीईओ जनपद जवा नागेन्द्र सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## निर्वाचन संबंधी बैठक 18 सितम्बर को

**रीवा।** मतदान केन्द्रों के युक्ति-युक्तिकरण के प्रस्तावों पर विचार करने तथा मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संबंध में 18 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## मुख्यमंत्री 17 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान का करेंगे शुभारंभ

रीवा

जिले भर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में तैयारियाँ की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नगर परिषद चाकघाट में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में 17 सितम्बर को अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी शुभारंभ करेंगे। समारोह में स्वच्छता के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए पूरा कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 18 और 19 सितम्बर को सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालय परिसरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। शहर के प्रत्येक वार्ड तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो स्थानों का चयन कर लिया गया है। इन स्थानों की विशेष साफ-सफाई अभियान के दौरान कराई जाएगी। अभियान के दौरान सभी प्रमुख कार्यालय भवनों, बस स्टैण्ड, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रमुख चौराहों तथा प्रमुख धार्मिक स्थलों में भी विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी। अभियान के दौरान स्वच्छता जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थाओं में चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा जागरूकता के अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में भी विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के घर जाकर उनके परिवारजनों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करेंगी। अभियान के दौरान स्थानीय कलाकारों के सहयोग से स्वच्छता से जुड़े रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। अभियान को सफल बनाने में स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों एवं आमजनता का पूरा सहयोग लिया जाएगा। सबके सहयोग से स्वच्छता ही सेवा अभियान सफल होगा।

## आयुक्त नगर निगम ने गणेश विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण



**रीवा।** आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के साथ शहर में निर्धारित किये गये गणेश विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, समुचित प्रकाश, वाहन पार्किंग, वैरिकेटिंग और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थलों में रस्सियों और वैरिकेटिंग के माध्यम से सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने निर्देश दिये कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी संबंधित विभाग सतर्क रहें और आपातकालीन सेवाएं तत्पर रहनी चाहिए। आयुक्त नगर निगम ने कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित करहिया घाट तथा छतुरिहा घाट में ही गणेश मूर्तियों का विसर्जन करें। निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त अन्य घाटों में या पानी के बहाव में मूर्ति विसर्जन करना सख्त प्रतिबंधित है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि मूर्तियों का विसर्जन स्थलों में बनाये गये विसर्जन कुण्ड में ही करें। बरसात के दिनों में नदी का बहाव काफी तेज है अत: पूरी सावधानी बरतते हुए मूर्तियों का विसर्जन करें और किसी भी अप्रिय घटना से बचें। उन्होंने आमजनों से प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने की अपेक्षा भी की है। भ्रमण के दौरान नगर निगम एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आनंद शिविर 23 से 26 सितंबर तक, बैंगलौर में अधिकारी करा सकते हैं पंजीयन

**रीवा।** संभागीय समन्वयक जनअभियान परिषद प्रवीण पाठक ने बताया है कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा बैंगलौर में 23 से 26 सितंबर तक आनंदम शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग संस्था में किया जा रहा है। जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी इस शिविर में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आनंदम विभाग की वेबसाइट डब्लूडब्लू डॉट आनंद संस्थान एमपी डॉट इन पर पंजीयन करा सकते हैं।

## खनिज राजस्व की निर्धारित राशि की शत-प्रतिशत वसूली करें

### खनिजों के अवैध परिवहन तथा ओवर लोडिंग पर कार्यवाही करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने खनिज विभाग की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी खनिज अधिकारी निर्धारित खनिज राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली करें। संभागीय खनिज अधिकारी सभी जिलों के अधिकारियों को हर माह के लिए राजस्व की आनुपातिक राशि तय करके इसे प्राप्त करने का लक्ष्य दें। राजस्व प्राप्ति की हर माह जिलेवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी जिला खनिज अधिकारी खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। खनिज पदार्थों के ओवरलोड वाहनों को भी जब्त कर कार्यवाही के लिए परिवहन विभाग को सौंपे। रीवा, सतना और सीधी तीनों जिलों में आनुपातिक लक्ष्य के अनुसार खनिज राजस्व की वसूली कम है। आगामी दो माह में आनुपातिक लक्ष्य की शत-प्रतिशत वसूली कराएं। सभी स्वीकृत खदानों का सीमांकन कराकर सीमा चिन्ह अनिवार्य रूप से लगाएं। स्वीकृत रकबे के बाहर उत्खनन पाए जाने पर संबंधित जिला खनिज अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी।



कमिश्नर ने कहा कि सभी खनिज अधिकारी जिले की खनिज संपदा, स्वीकृत खदानों, क्रेशर आदि की पूरी जानकारी रखें। बैठक में जिला खनिज अधिकारी रीवा ने बताया कि जिले के लिए कुल 70 करोड़ खनिज राजस्व वसूली का वार्षिक लक्ष्य है। अप्रैल से अगस्त माह तक 23.81 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। वर्ष के अंत तक शत-प्रतिशत वसूली की जाएगी। खनिज अधिकारी सिंगरौली आरके राय ने बताया कि सिंगरौली के लिए 4370 करोड़ रुपए के राजस्व की वसूली का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अप्रैल से अगस्त तक 1421.19 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है जो आनुपातिक लक्ष्य का 94.7 प्रतिशत है। जिले में 36 रेत की खदानें मंजूर हैं। इनमें अक्टूबर माह से उत्खनन शुरू होगा। सीधी जिले में 50 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 14 करोड़ 90 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है। सतना जिले में 110 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.25 करोड़ की वसूली हुई है। बैठक में उपायुक्त डीएस सिंह तथा मैहर, सतना एवं सीधी के खनिज अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने 48 अधिकारियों को दो वेतन वृद्धि रोकने का दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 48 आहरण संवितरण अधिकारियों तथा कार्यालय प्रमुखों को दो-दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का नोटिस दिया है। इन अधिकारियों के कार्यालय में पेंशन प्रकरण के लंबित रहने तथा चार सितम्बर को आयोजित पेंशन शिविर में लंबित पेंशन प्रकरण प्रस्तुत न करने पर नोटिस दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर ने कहा है कि सभी अधिकारियों को लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। अधिकारियों को चार सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पेंशन प्रकरण मं आयोजित संबंधित कार्यालय सहायक के साथ उपस्थित होकर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों का पालन न करने पर वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस दिया गया है। नोटिस का तीन दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण एवं वर्गीकरण नियम 1966 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ गंगेव, सीईओ जनपद पंचायत रीवा, सीईओ जनपद पंचायत जवा, सीईओ जनपद पंचायत मऊगंज, सीईओ जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान को नोटिस दिया है। कलेक्टर ने जिला मलेरिया अधिकारी, सिविल सर्जन, अधीक्षक गांधी मेमोरियल हास्पिटल, डीन मेडिकल कालेज रीवा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन त्योंथर नहर परियोजना, कार्यपालन यंत्री लाइट मशीनरी जल संसाधन, मुख्य अभियंता गंगा कछार, कार्यपालन यंत्री अपर पुरवा नहर, अधीक्षण यंत्री बाणसागर नहर तथा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु को भी नोटिस दिया है। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री नेशनल हाईवे, प्राचार्य जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, प्राचार्य टीआरएस कालेज, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय रायपुर कर्चुलियान, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद कालेज त्योंथर तथा प्राचार्य शासकीय इंजीनियरिंग कालेज को भी नोटिस दिया है। कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, अधीक्षक सेन्ट्रल जेल, अधीक्षक भू अभिलेख, उपायुक्त भू अभिलेख, तहसीलदार हनुमना, तहसीलदार मऊगंज, तहसीलदार हुजूर, तहसीलदार त्योंथर, तहसीलदार सिरमौर, तहसीलदार सेमरिया तथा तहसीलदार गुढ़ को भी नोटिस दिया है।

## दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से

**रीवा।** जिला प्रशासन द्वारा एलिम्को जबलपुर एवं जिला निश्शक्त पुनर्वास केन्द्र के सहयोग से दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से किया जाएगा। रीवा एवं मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत हितग्राहियों का चयन किया जाकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इकाई जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 23 सितम्बर को, केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 24 सितम्बर को, शा.उ. बालक हायर सेकण्डरी त्योंथर में 25 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सिरमौर में 26 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गंगेव में 27 सितम्बर को तथा मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक रीवा में 28 सितम्बर को दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी शिविरों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया है तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को शिविर आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं। नगर निगम क्षेत्र के शिविर की संपूर्ण व्यवस्था के लिए आयुक्त नगर निगम को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## आज मऊगंज आएंगे केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री



**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिलाअध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया है कि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक एकदिवसीय प्रवास पर आज 14 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे मऊगंज आएंगे जहां पर संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त मऊगंज भाजपा कार्यालय में दोपहर 01:00 बजे बैठक लेकर सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया है की बैठक में जिला पदाधिकारी, जिला सदस्यता अभियान टोली, बिधानसभा टोली, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल सदस्यता टोली,नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्याय बुलाए गए हैं भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी से बैठक में समय पर पहुंचने की अपील की है वही मऊगंज और देवतालाब मंडलों की बैठक जिला संगठन प्रभारी केके तिवारी ने लेकर सदस्यता अभियान को गति देने पर चर्चा करते हुए कहा कि मऊगंज नया जिला होने के बावजूद रीवा संभाग में सबसे आगे चल रहा है इसे और ज्यादा गति देने की जरूरत है जिससे पूरे प्रदेश में मऊगंज सबसे ज्यादा सदस्यता लक्ष्य पूरा करने वाला जिला बन सके वहीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं से हर-हर-घर में संपर्क कर पार्टी के सदस्यता अभियान को लक्ष्य के अनुरूप पूरा करने की अपील की बैठक में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वाहनों के लंबित टैक्स की अभियान चलाकर वसूली करें

### परिवहन राजस्व वसूली की शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी परिवहन अधिकारी बसों की नियमित चेकिंग करें। विशेष अभियान चलाकर एक माह में सभी स्कूल बसों की चेकिंग करें। इनमें किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर जुर्माना लगाएं। स्कूल बसों में सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करें। यात्री बसों की भी नियमित जाँच करें। परिवहन राजस्व के वार्षिक लक्ष्य को हर माह के आनुपातिक लक्ष्य में विभाजित करके इसकी हर माह वसूली कराएं। परिवहन राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में प्रमुख महाविद्यालयों में



शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया की भी जानकारी दें। खनिज पदार्थों तथा अन्य सामग्रियों को ले जाने वाले ट्रकों में ओवरलोडिंग पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। वाहनों में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय भी सुनिश्चित करें। सभी परिवहन कार्यालयों में ड्राइवरों के प्रशिक्षण के लिए केन्द्र बना दिए गए हैं। इनका संचालन शुरू कराकर ड्राइवरों का नियमित रूप से प्रशिक्षण कराएं। कई बार ड्राइवर की छोटी सी लापरवाही से कई व्यक्तियों की जान चली जाती है। कमिश्नर ने जाँच नाकों में वाहनों की जाँच की नई व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में परिवहन अधिकारी रीवा मनीष त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष रीवा जिले के लिए 155 करोड़, सतना के लिए 147 करोड़, सीधी के लिए 45 करोड़ तथा सिंगरौली के लिए 82 करोड़ रुपए परिवहन राजस्व का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक रीवा जिले में 54.94 करोड़, सतना में 51.38 करोड़ सीधी में 14.92 करोड़ तथा सिंगरौली जिले में 27.68 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली की गई है। सभी जिलों में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली होगी। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी सतना संजय श्रीवास्तव तथा अन्य जिलों के परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

### नेशनल लोक अदालत में 48 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 48 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 24 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 6 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 6 खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, औद्योगिक न्यायालय एवं श्रम न्यायालय की खण्डपीठों द्वारा भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833